E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर 15 अक्टूबर, 2026 गुरुवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 92 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) — सोच नई, राजस्थान के लिए — मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

सबसे बड़ा IPO 21-23 अक्टूबर तक: JIO 27 करोड़ शेयर से 30 हजार करोड़ जुटाएगी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल सर्विसेज कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का IPO 21 से 23 अक्टूबर तक खुलेगा। कंपनी 27 करोड़ शेयर जारी करेगी। एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 रुपए तय किया है। कंपनी का टारगेट IPO से 30 हजार करोड़ रुपए जुटाने का है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, एंकर इन्वेस्टर्स यानी बड़े इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए बिडिंग की तारीख 19 अक्टूबर तय की गई है। यानी इश्यू खुलने से दो दिन पहले एंकर इन्वेस्टर्स बोली लगा सकेंगे। आम निवेशकों के लिए यह आईपीओ तीन दिनों तक खुला रहेगा।

कंपनी ने आईपीओ में अपने कर्मचारियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डर्स के लिए रिजर्वेशन रखा है। एम्प्लॉइज के लिए 500 करोड़ रुपए तक के शेयर रिजर्व रखे गए हैं। आवेदन करने वाले कर्मचारियों को हर शेयर पर 54 रुपए की छूट मिलेगी। एलिजिबल शेयरहोल्डर्स के लिए 2,500 करोड़ रुपए तक का कोटा है। दोनों कैटेगरी में टोटल 3,000 करोड़ रुपए का रिजर्वेशन तय किया गया है। आम निवेशक कम से कम 12 शेयर का एक लॉट खरीद सकते हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स देश में अब तक का सबसे बड़ा IPO होगा। इसके जरिए कंपनी लगभग 30,213 करोड़ रुपए जुटाएगी। इससे पहले 2024 में हुंडई मोटर इंडिया का 27,858 करोड़ रुपए का IPO देश का सबसे बड़ा आईपीओ था।

किन्हें मिलेगा शेयरहोल्डर रिजर्वेशन का फायदा? 27 करोड़ फ्रेश शेयर जारी होंगे

एलिजिबल रिलायंस शेयरहोल्डर्स में वे व्यक्ति और हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (HUF) शामिल हैं, जिनके पास RHP दाखिल करने की तारीख यानी 14 अक्टूबर तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के पब्लिक इक्विटी शेयर थे। यह छूट लागू एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया और रेगुलेटरी नियमों के अधीन होगी। फाइलिंग के मुताबिक, इस आईपीओ के जरिए कंपनी ₹10 की फेस वैल्यू वाले 27 करोड़ तक फ्रेश यानी नए शेयर जारी करेगी। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस जियो का टेलीकॉम और डिजिटल सर्विसेज बिजनेस शामिल है। यह बिजनेस रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू अनलॉकिंग स्ट्रैटेजी का अहम हिस्सा है। भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल इकोसिस्टम और विशाल टेलीकॉम नेटवर्क को देखते हुए बाजार के निवेशकों की नजर इस लिस्टिंग पर टिकी है। RHP के जरिए निवेशकों को कंपनी के फाइनेंशियल परफॉरमेंस, बिजनेस रिस्क और अन्य जरूरी पहलुओं की विस्तृत जानकारी मिलेगी।

अगस्त में मिली थी मंजूरी

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने डिस्क्लोजर में बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स ने इससे पहले 19 जून को ड्राफ्ट रेड हियरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) जमा किया था। इसके बाद 28 अगस्त को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) से ऑब्जर्वेशन लेटर यानी मंजूरी मिली थी। जियो प्लेटफॉर्म्स इस समय देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है। FY26 के अंत तक कंपनी का कुल सब्सक्राइबर बेस 52.44 करोड़ था।

रिलायंस की टेक कंपनी है जियो

जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस की टेक कंपनी है, जिसका हेडक्वार्टर मुंबई में है। भारत में सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क चलाने के साथ-साथ यह कंपनी दुनिया की दूसरी टेलीकॉम कंपनियों को भी एडवांस 5G सर्विस और तकनीक देती है। इसके पास 5G से जुड़े सभी जरूरी सॉफ्टवेयर, नेटवर्क सर्विसेज और AI टूल्स मौजूद हैं। इस तकनीक की मदद से बड़ी कंपनियों और प्राइवेट नेटवर्क्स के लिए 5G का इस्तेमाल करना बेहद आसान हो जाता है, जिसे इंटरनेट क्लाउड पर भी चलाया जा सकता है।

कंपनी ने RHP दाखिल किया; IPO के लिए कंपनी ने बुधवार को रेड हियरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी RHP दाखिल कर दिया है। गुजरात के अहमदाबाद में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (RoC) के पास RHP फाइल किया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) को दी गई रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है।

बीफ न्यूज

खुदरा के बाद थोक महंगाई बढ़कर 11.39% पर पहुंची

नई दिल्ली। देश में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 11.39% हो गई,

जबकि अगस्त में यह 9.92% थी। महंगाई का दबाव अब सिर्फ रसोई तक नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और कारखानों में बनने वाले सामान तक की बढ़ती कीमतों ने थोक महंगाई को और ऊपर पहुंचा दिया। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05% से बढकर सितंबर में 8.66% हो गई।

एअर इंडिया फ्लाइट से मिला हाईजैक अलर्ट, पायलट का इनकार

जयपुर। फ्रैंकफर्ट से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-2030 की बुधवार सुबह जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट से अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को हाईजैक का सिग्नल मिला था। यह जानकारी जयपुर ATC से साझा की गई। करीब 45 मिनट बाद विमान को सुबह 9.45 बजे जयपुर में उतारा गया। शुरुआती जांच में पायलट की गलती से अलर्ट मैसेज भेजने की जानकारी थी। हालांकि, पूछताछ में उसने कहा कि- मेरी कोई गलती नहीं है।

जयपुर में बुजुर्ग से 1.74 करोड़ रुपए ठगे

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने जितेंद्र नाथ भार्गव (74) को 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराकर रखा। इसके बाद उनसे 1 करोड़ 74 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने खुद को ED अधिकारी बताते हुए बुजुर्ग से कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए अन्य लोगों को जोड़कर गिरफ्तारी और संपत्ति जब्त करने का डर दिखाया गया। वैशाली नगर थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने बताया- ठगों ने बुजुर्ग जितेंद्र को कथित तौर पर बताया कि उनके बैंक खाते में गलत ट्रांजेक्शन हुआ है। इसके बाद उन्हें अलग-अलग लोगों से वीडियो कॉल पर जुड़वाया गया।

» अंदर विशेष

▪ तारानगर; सरपंच चुनाव लड़ने की जिद में पिता ने बेटे-बहू की हत्या कर दी
...पढ़े पेज 2 पर

▪ जैन तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में डांडिया की धूम, बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं
...पढ़े पेज 4 पर

केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, शीर्ष नेताओं के साथ होगी उच्च-स्तरीय मुलाकात

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर जगी उम्मीद, 17 से भारत यात्रा पर मार्को रुबियो

नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर द्वारा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जल्द निष्कर्ष निकलने की उम्मीद जताने वाले बयान के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी से ये जानकारी आ गई कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार, 17 अक्टूबर से भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वह राष्ट्रीय राजधानी की जगह पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और उसके बाद गुजरात के जामनगर जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि विदेश मंत्री रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद और भारत के मुंबई, जामनगर की यात्रा पर रहेंगे।

बोले जायसवाल, दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर जारी वार्ता, अमेरिका की रूस से तेल खरीद पर टिप्पणी से किया इंकार



इन मुद्दों पर संबंधों में खींचतान जारी

गौरतलब है कि वर्तमान में भारत, अमेरिका संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिसमें अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाला कानून पास करने, एच1बी समेत अन्य वीजा सुविधाओं को लेकर लगातार बदले जा रहे नियमों, अवैध प्रवासियों पर की जा रही सख्ती और भारत को शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी पर बनाए गए कानून के बीच खुद रूस से तेल की खरीद के लिए गुप्त समझौता करने जैसे विषय मुख्य रूप से शामिल हैं।

द्विपक्षीय स्वरूप वाले मुद्दों पर होगी चर्चा

इस मामले पर बुधवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और उस दौरान होने वाले विचार-विमर्श में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय स्वरूप वाले कई मुद्दों का समावेश किया जाएगा। जहां तक व्यापार समझौते की बात है तो उसे लेकर दोनों देश बीते काफी वक्त से एक-दूसरे के साथ संपर्क में बने हुए हैं।

तेल बाजार में स्थिरता पर भारत का जोर

भारत पर तमाम तरह की रोक-टोक लगाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मास्को से कच्चे तेल, डीजल की खरीद को लेकर किए गए एक गोपनीय समझौते पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि हम व्यापारिक व्यवस्था पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इस वर्ष मार्को रुबियो की भारत की यह दूसरी यात्रा है। जिसमें वह वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूद रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। इसके अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक परिदृश्य सहित ऊर्जा सहयोग को लेकर भी आपस में विचार साझा किए जाएंगे। विदेश मंत्री व्यापारिक नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। जिससे वाणिज्यिक निवेश और आर्थिक सहयोग से जुड़े अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पूर्व में अमेरिका के विदेश मंत्री ने इस साल मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की चार दिवसीय यात्रा की थी।

समरकंद में सी 5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे

उज्बेकिस्तान में मार्को रुबियो मध्य एशिया क्षेत्र के सभी पांचों देशों उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सी5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में शिरकत करेंगे। जिसके जरिए अमेरिका की कोशिश यही होगी कि वो इस कूटनीतिक मंच के माध्यम से मध्य एशियाई देशों के इस समूह के साथ अपने सामरिक सहयोग को किस प्रकार से और अधिक प्रगाढ़ बना सकता है। जिससे कहीं न कहीं दोनों पक्षों का भविष्य पहले की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकेगा। क्षेत्र के सभी देशों के मंत्रियों के साथ रुबियो की उक्त बैठक से इतर भी द्विपक्षीय बैठकें होंगी।

अमेरिका के विस्कॉन्सिन में प्लेन क्रैश, 6 की मौत

पायलट का आखिरी मैसेज था- पंखों पर बर्फ जम रही, ऊंचाई घटाने की परमिशन दें

डेलोना। अमेरिका के विस्कॉन्सिन में मंगलवार रात विमान हादसे में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे से पहले पायलट ने पंखों पर बर्फ जमने की सूचना दी थी। छह सीटों वाला सिंगल-इंजन विमान केनोशा से मेनोमोनी जा रहा था। यह विमान रात करीब 10 बजे डेलोना टाउन में मिरर लेक स्टेट पार्क के पास जंगल में गिरा। हादसे के समय इलाके में बारिश हो रही थी और गरज-चमक वाला तूफान गुजर रहा था।

विंग्स पर बर्फ जमना एविएशन (हवाई यात्रा) के लिए एक बड़ा खतरा है, क्योंकि बर्फ की एक पतली परत भी प्लेन को हवा में बनाए रखने में मुश्किल पैदा कर सकती है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (NTSB) के मुताबिक, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को पंखों पर बर्फ जमने की जानकारी दी थी। उस समय पाइपर PA-46 विमान 24,000 फीट यानी 7,315 मीटर की ऊंचाई पर उड़ रहा था। पायलट ने विमान को नीचे लाने की अनुमति मांगी थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को नीचे आने की अनुमति दी। इसके बाद विमान दाईं ओर नीचे उतरने वाले मोड़ में गया। NTSB ने बताया कि यह मोड़ लगातार तेज होता गया। इसके बाद विमान से संपर्क और उसके डेटा की ट्रैकिंग बंद हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में जमीन पर मौजूद कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

BRICS समिट छोड़ने से बांग्लादेश को नुकसान

ढाका/नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान के BRICS समिट में शामिल न होने से बांग्लादेश को नुकसान हुआ। हसीना ने बुधवार को कहा कि रहमान के फैसले के चलते बांग्लादेश ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का मौका भी गंवा दिया। 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में BRICS समिट हुई थी।

मेरठ: नीला ड्रम हत्याकांड

मुस्कान को सजा-ए-मौत: प्रेमी साहिल को भी फांसी

कोर्ट में बोली- मेरी बच्चियों का ध्यान रखना

मेरठ। मेरठ में प्रेमी के साथ मिलकर पति सौरभ राजपूत की हत्या करने वाली मुस्कान को फांसी की सजा सुनाई गई। उसके प्रेमी साहिल को भी कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई।

सजा सुनाते हुए जज ने कहा- अधर्म के काम पर सजा देना धर्म होता है। मुस्कान-साहिल आप दोनों ने ही सौरभ की नृशंस हत्या की है। इसलिए माफी स्वीकार नहीं होगी। सजा सुनाने से पहले जेल में बंद मुस्कान और साहिल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया। मुस्कान रस्तोगी और साहिल फूट-फूटकर रोने लगे। जज ने मुस्कान से पूछा- तुम अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में दोषी हो, क्या सजा चाहती हो? उसने जवाब दिया- मेरी बच्चियों का ख्याल रखा जाए। फिर वह खामोश हो गई। इसके बाद साहिल से यही सवाल पूछा गया, तो वह चुप रहा। सजा के ऐलान के बाद सौरभ की मां रो पड़ीं। कहा- शांति से न्याय मिल गया। सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च, 2025 को हुई थी। मुस्कान और साहिल ने सबूत मिटाने के लिए सौरभ के शव को 5 टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में भर दिया था। इसके बाद उस पर सीमेंट का घोल डाल दिया था। मुस्कान को पति की हत्या में फांसी की सजा सुनाने से पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया। वीसी से जुड़ते वक्त मुस्कान के साथ उसकी 10 महीने की बेटी मन्नत उर्फ राधा भी गोद में थी। ये वही बच्ची है, जिसका जन्म नवंबर में हुआ था।

कौन हैं फांसी की सजा देने वाले जज

मुस्कान-साहिल को फांसी की सजा सुनाने वाले मेरठ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा-II का जन्म 2 जुलाई 1971 को मऊ में हुआ था। उन्होंने बीए, एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई की है। इसके बाद 31 मई, 2003 को न्यायिक सेवा में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के रूप में करियर शुरू किया। करीब 23 साल के न्यायिक अनुभव के दौरान गाजीपुर, अलीगढ़, गोरखपुर, कानपुर और मिर्जापुर समेत कई जिलों में तैनात रहे। नवंबर, 2024 में मिर्जापुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने। 21 मई, 2026 से मेरठ में तैनात हैं।

11.40 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का दिवाली बोनस: 3 पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी नाम हटा; दिव्यांगों को अब जन्म से पेंशन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे के करीब 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, इस पर करीब ₹2,009 करोड़ खर्च होंगे। बुधवार को कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। दिव्यांगों की पेंशन नियमों में भी बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब दिव्यांगों को 18 साल की बजाय जन्म से पेंशन मिलेगी। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला भी लिया है।

कैबिनेट के 3 बड़े फैसले

1. कर्मचारियों को 17,951 तक बोनस

रेलवे कर्मचारियों को मिलने वाले प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (PLB) की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन सीमा ₹7,000 तय की गई है। इस आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम रकम ₹17,951 बनती है।

▪ **बोनस का कैलकुलेशन:** ₹7,000 × 12 × 78 ÷ 365 = ₹17,951

▪ यह अधिकतम गणना की रकम है। कर्मचारियों को मिलने वाला वास्तविक बोनस उनकी पात्रता और लागू नियमों के आधार पर अलग हो सकता है। रेलवे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में 1,670 मिलियन टन माल की ढुलाई की गई, जो उस साल का रिकॉर्ड था। इस दौरान रेलवे से करीब 7.41 अरब यात्रियों ने सफर किया। रेल मंत्री ने कहा कि बोनस का मकसद कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करना और रेलवे के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

2. दिव्यांगता की पात्रता सीमा 40%

पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80% से घटाकर 40% कर दी गई है। इससे पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक दिव्यांग लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे।

▪ **पेंशन की दरें इस तरह होंगी:** 0 से 79 साल की उम्र: ₹375 प्रति माह। 80 साल या उससे अधिक उम्र: ₹625 प्रति माह।

▪ नए नियमों के तहत पात्रता, लाभार्थियों की संख्या और पेंशन की रकम से जुड़ी जानकारी सरकार दिशानिर्देश जारी होने के तीन महीने के भीतर लागू करेगी। दिव्यांगों की पात्रता में यह बदलाव दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार किया गया है।

▪ इस कानून के तहत 40 प्रतिशत या उससे ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति को बेंचमार्क दिव्यांगता की श्रेणी में रखा जाता है।

3. सामाजिक सहायता: 53,428 करोड़

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है। इस दौरान योजना पर ₹53,428 करोड़ खर्च होंगे। इससे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3.20 करोड़ लाभार्थियों को मदद मिलेगी। इसके तहत बुजुर्गों और विधवाओं को पेंशन, दिव्यांगों को आर्थिक सहायता और परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मौत होने पर पात्र परिवार को मदद दी जाती है। NSAP की शुरुआत 15 अगस्त 1995 को गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए हुई थी। यह संविधान के अनुच्छेद 41 में दिए गए नीति-निर्देशक सिद्धांतों से जुड़ा है और इसका पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है। सरकार के मुताबिक, बुजुर्गों और विधवाओं की पेंशन योजनाएं और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना पहले की तरह जारी रहेंगी।

RSS विजयादशमी समारोह में स्पेशल गेस्ट होंगे पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

नागपुर/दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नागपुर में होने वाले विजयादशमी समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बुलाया है। इस खबर के सामने आते ही कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तंज कसा है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि धनखड़ को RSS का न्योता मिल गया, लेकिन सरकार ने उन्हें अब तक सरकारी आवास नहीं दिया है। यह आवास उन्हें जुलाई 2025 में अचानक इस्तीफा देने के बाद मिलना चाहिए था। रमेश ने कहा कि RSS का न्योता मिलने के बावजूद सरकार का यह रवैया दिखाता है कि "इकोसिस्टम आपस में ही लड़ रहा है और बिखर रहा है।" RSS का विजयादशमी समारोह 20 अक्टूबर को नागपुर के रेशिमबाग मैदान में होगा।

वेलनेस कार्निवल 2.0 में मानसिक स्वास्थ्य, पोषण और समग्र कल्याण का संदेश

थिंक राजस्थान • जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर वेलनेस कार्निवल 2.0 का आयोजन किया गया। इसमें जयपुर के 25 विद्यालयों के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्निवल का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं समग्र कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्निवल के अंतर्गत आयोजित अंतरविद्यालयी प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मेरार्की बैंड की लाइव संगीत प्रस्तुति रही। बैंड ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना दिया। कार्यक्रम में सेंट जेवियर्स स्कूल, सी-स्कीम, सुबोध पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज कोर्ट ग्रुप ऑफ स्कूल्स, रुक्मणी बिरला मॉडर्न हाई स्कूल, एमपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, एसआरएन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट एंसलम्स स्कूल, मानसरोवर, आईआईएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स, गोल्डन एरा अकादमी, विद्याश्रम स्कूल, सेंट सोल्जर स्कूल, सेंट एंजेला सोफिया स्कूल, ब्लू हेवन स्कूल, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल, अरविंदो इंटरनेशनल स्कूल और टैगोर इंटरनेशनल स्कूल सहित जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान परिसर में सकारात्मकता, उमंग और रचनात्मकता का माहौल बना रहा। वेलनेस कार्निवल 2.0 ने विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समग्र कल्याण के महत्व को समझने का संदेश दिया। यह पहल मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान विभागों की विद्यार्थियों में स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति विकसित करने तथा उन्हें स्वस्थ, खुशहाल और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

ब्रीफ न्यूज

गौरव सिंह शेखावत का राष्ट्रीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर बॉयज़ स्कूल के मुक्केबाज गौरव सिंह शेखावत का अंडर-14 छात्र बॉक्सिंग के राष्ट्रीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। गौरव इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर की कई बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बीकानेर का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर खेल जगत से जुड़े प्रशिक्षकों और गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजस्थान में बाल विवाह रोकने के लिए स्कूल प्राचार्य और पटवारियों को जिम्मेदारी

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान में बाल विवाह की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर की ओर से जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत और नगरीय वार्ड स्तर पर ग्राम विकास अधिकारियों, पटवारियों तथा राजकीय उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त करने की प्रक्रिया के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत संज्ञेय अपराधों की जांच संबंधी शक्तियां प्रदान करने के लिए 24 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना का भी उल्लेख किया गया है। यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिए गए निर्देशों के क्रम में की जा रही है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा ललित कुमार ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर उनकी पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश की प्रतिलिपि शिक्षा विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है।

जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में दुर्घटना, केस जयपुर कोर्ट में लगाया:

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ ने जोधपुर डिस्कॉम में हुए बिजली एक्सीडेंट के मामलों की सुनवाई जयपुर की निचली कोर्ट में करने की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई है। इस मामले में हाईकोर्ट ने फटकार लगाते जयपुर की निचली अदालत से ऐसे मामलों में पारित हुए 10 लाख 73 हजार 860 रुपए के मुआवजा अवार्ड पर भी रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने जयपुर मेट्रो फर्स्ट, जयपुर मेट्रो सेकेंड और जयपुर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से ऐसे पेंडिंग पड़े मामलों की रिपोर्ट तलब की है। दरअसल जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (JVVNL) की ओर से दायर की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जयपुर की पीठ के न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन ने ये आदेश दिया। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. की तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ताकर ने बताया- बज्जू जिला बीकानेर में बिजली संबंधी दुर्घटना हुई, जो जोधपुर डिस्कॉम के क्षेत्राधिकार में आता है, लेकिन मुआवजे के लिए केस जयपुर मेट्रो कोर्ट में लगाया गया। इस मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट जयपुर ने उल्लेख किया कि जोधपुर डिस्कॉम का कार्यालय जोधपुर में है। उसका कार्यक्षेत्र जोधपुर और बीकानेर डिवीजन तक है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसे मामलों में निगम के अध्यक्ष और एमडी को पक्षकार बनाकर उनका पता विद्युत भवन ज्योति नगर जयपुर दर्शाने की प्रथा व्यापक रूप से प्रचलित है। हाईकोर्ट ने इसे क्षेत्राधिकार से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि इस संबंध में न्यायालय पहले भी आपत्ति जता चुका है।

जयपुर में तेज रफ्तार बस ने कारों और स्कूटी को टक्कर मारी: रोडवेज बस के नीचे आ गई स्कूटी, महिला की मौत, युवक का पैर फ्रैक्चर हुआ

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के सीकर रोड पर खेतान हॉस्पिटल के सामने बुधवार दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कारों और स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी बस के टायर के नीचे आ गई। हादसे में स्कूटी सवार महेश चौधरी का का पैर फ्रैक्चर हो गया। वहीं मौके पर बाइक पर बैठी महिला भी बस की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गई।

भगत ढाणी निवासी घायल तुलसी देवी (49) ने हॉस्पिटल ले जाते से समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं उनके बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। तुलसी देवी अपने बड़े बेटे के साथ विद्याधर नगर से भगत की ढ़ाणी स्थित आवास जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने रोडवेज

बस चालक को पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने ले आई। दुर्घटना में दो कारें और दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

दोपहर 3 बजे हुआ हादसा

मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया- हादसा दोपहर करीब 2 बजकर 45 मिनट पर हुआ। तेज रफ्तार बस ने पहले दो कार को टक्कर मारी, फिर एक स्कूटी को चपेट में ले लिया। स्कूटी बस के आगे के टायर के नीचे आ गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार व्यक्ति का पैर टूट गया, जबकि 49 वर्षीय तुलसी देवी की मौत हो गई। जबकि स्कूटी सहित दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को मुरलीपुरा थाने पहुंचाया है।

बस चालक से पूछताछ, पुलिस कर रही जांच

हादसे के बाद लोगों ने बस चालक राकेश कुमार (30) निवासी श्रीमाधोपुर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि हादसे की वजह ब्रेक नहीं लगना सामने आया है। बस ड्राइवर ने बताया कि ब्रेक के नीच कुछ वस्तु के आ जाने से ब्रेक नहीं लगे। हालांकि पुलिस मामले में आरोपी से पुछताछ के बाद हादसे के कारणों को लेकर जांच कर रही है।

सरपंच चुनाव लड़ने की जिद में पिता ने बेटे-बहू की हत्या कर दी, बोलेरो से कुचलने का आरोप

चूरू जिले के तारानगर तहसील के चंगोई गांव की घटना



रामचन्द्र (पिता)

थिंक राजस्थान • चूरू

जिले के तारानगर तहसील के चंगोई गांव में सरपंच चुनाव लड़ने को लेकर हुए विवाद में पिता पर अपने बेटे और बहू की बोलेरो से कुचलकर हत्या करने का आरोप है। घटना मंगलवार रात करीब 12:50 बजे की है। पुलिस ने आरोपी रामचंद्र जाट (60) को हिरासत में लेकर बोलेरो जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार, रामचंद्र सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता था, जबकि उसका इकलौता बेटा रविंद्र (40) और बहू महिंद्रा (35) उसे चुनाव लड़ने से मना कर रहे थे। इसी बात को लेकर परिवार में कई दिनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार रात भी झगड़ा हुआ। इसके बाद रविंद्र और महिंद्रा धर्मकांटे पर चले गए। आरोप है कि वहां दोबारा विवाद होने के बाद जब दोनों घर लौट रहे थे, तभी रामचंद्र ने बोलेरो से उन्हें कुचल दिया।

तारानगर थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि महिंद्रा के पिता शीशराम की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

20 साल के बाइक सवार युवक की मौत

पाली। पाली में मंगलवार रात को होटल से घर आ रहे 20 साल के बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सिर फटने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पाली शहर के पास मादड़ी गांव के रहने वाला 20 साल का कानाराम पुत्र भंवरलाल बावरी केनपुरा के पास एक होटल पर काम करता था। देर रात को काम से फ्री होने के चलते वह होटल पर ही रहता था। मंगलवार रात को गांव में भजन संध्या थी, जिसके लिए युवक होटल से मादड़ी आ रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे उसकी बाइक को गुंदोज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचा। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सरदारशहर के तीन सरकारी स्कूलों में 760 विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत तीन राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 760 विद्यार्थियों को विद्यालय सुरक्षा, स्वच्छता और आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

सेठ मूलचंद मालू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। पीएम श्री गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रीतिका चौहान तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर-4 में सिविल न्यायाधीश रूबल ने जानकारी दी।

कार्यक्रम में भवन सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, खेल मैदान, विद्युत सुरक्षा और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को आगजनी और भूकंप जैसी आपात स्थितियों में बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही किसी भी संभावित खतरे की सूचना तत्काल शिक्षकों को देने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई।

अधिकारियों ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में तालुका सचिव हरिओम सैनी, अधिवक्ता रितेश चौहान, प्रेमलता, पवन कुमार सैनी, रोशनी गुगड़, अजय सारण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और स्टाफ ने आयोजन में सहयोग किया।

जोधपुर नारकोटिक्स का जॉइंट ऑपरेशन: गांजे की अवैध खेती को लेकर कार्रवाई

1 लाख 33 हजार पौधे जब्त, 70 कर्मचारी नष्ट करने में जुटे

थिंक राजस्थान • जोधपुर

अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन गांजगवेषणा के तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर जोनल यूनिट, एएनटीएफ राजस्थान और राजस्थान पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने उदयपुर जिले की कोटड़ा तहसील के मांडवा गांव में लगभग 57 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली अवैध गांजे की खेती को नष्ट कर दिया है। एनसीबी जोधपुर को एएनटीएफ राजस्थान से मांडवा गांव में अवैध गांजे की खेती की पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी और क्षेत्र का मुआयना किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस और पटवारी को मौके पर बुलाया गया। पटवारी द्वारा भूमि का सत्यापन करने पर सामने आया कि यह अवैध खेती मांडवा गांव के 56 खसरा नंबरों में फैली हुई है। मौके पर गांजे के करीब 1,33,000 अवैध पौधे पाए गए।

गांजे की कुल बाजार कीमत 199.50 करोड़

इन पौधों से लगभग 39 हजार 900 किलोग्राम गांजा मिलने की संभावना आंकी गई। जिसकी बाजार में 50 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की अनुमानित दर के आधार पर इस गांजे का कुल बाजार मूल्य लगभग 199.50 करोड़ आंका गया है। अवैध गांजे के इन पौधों को नष्ट करने के लिए एनसीबी, एएनटीएफ और राजस्थान पुलिस के करीब 70 कार्मिकों के साथ-साथ 10 मजदूर और 3 ट्रैक्टरों की मदद ली गई। एनसीबी जोधपुर के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि ऑपरेशन गांजगवेषणा नारकोटिक्स नियंत्रण संबंधी विजन डॉक्यूमेंट (2026–29) के तहत चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्रोत स्तर पर ही मादक पदार्थों की समस्या को खत्म करना और केंद्र तथा राज्य की एजेंसियों के तालमेल से नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करना है।

बिलाड़ा नगरपालिका के वार्ड 36 के विकास के लिए 5 लाख सरकार से, 5 लाख विधायक मद से देने की घोषणा

पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे सभी पार्षदः गर्ग



पार्षद गुड्डी-कुलदीप का नागरिक अभिनंदन

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद अब पार्टी ने पंचायत राज चुनावों में भी जीत हासिल करने के लिए तैयारी तेज कर दी है। विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने भाजपा के सभी पार्षदों और संगठन पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे गांवों में जाकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करें और उन्हें जिताने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि घर-घर पहुंचकर लोगों को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के सिद्धांत 'सबका साथ, सबका विकास' से अवगत कराएं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं।

विधायक गर्ग बुधवार को वार्ड 36 में वार्डवासियों द्वारा निर्विरोध चुनी गई पार्षद गुड्डी-कुलदीप के नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी वार्ड में पार्षद निर्विरोध चुना जाता है तो सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपये की राशि दी जाती है। इसके अतिरिक्त वे अपने विधायक मद से भी वार्ड के विकास के लिए पांच लाख रुपये देने में पीछे नहीं हटेंगे।

इस तरह वार्ड में कुल दस लाख रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे। विधायक की इस घोषणा का समारोह में मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गर्ग के समर्थन में नारे भी लगाए। इस अवसर पर समझ में मौजूद अन्य सभी पार्षदों को भी साफे बंधवाए गए।

सुझावों को बोर्ड बैठक में मिलेगी जगहः पालावत

नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र पालावत ने कहा कि बोर्ड गठन के साथ ही नगरपालिका परिसर में सेवा सेतु शिविर शुरू किया गया है। नगरवासी अपने कार्यों से संबंधित आवेदन शिविर में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कस्बे में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन सुचारु बनाने के लिए अस्थायी अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। जिन वार्डों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, वहां उन्हें दुरुस्त करवाने और नई लाइटें लगाने का कार्य किया जा रहा है। पालावत ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने सुझाव सुझाव पेटिका में डालें। उपयोगी सुझावों को नगरपालिका बोर्ड की बैठक में शामिल कर उन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कस्बे की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दीपावली पर पूरे कस्बे को विशेष रूप से रोशनी से सजाया जाएगा।

भाजपा के तीसरी बार बोर्ड बनाने पर जताया गर्वः समारोह में पूर्व राजस्व मंत्री मिश्रीलाल चौधरी ने वार्डवासियों और कस्बेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि बिलाड़ा को अर्जुनलाल गर्ग जैसे ऊर्जावान विधायक का नेतृत्व मिल रहा है, जिनके नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार नगरपालिका बोर्ड बनाने में सफल रही है।इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष रूपसिंह परिहार, मनोहर सिंह हाम्बड़, जिला महामंत्री सुमित्रा विश्नोई, जिला मंत्री तरुण मुलेवा, उपाध्यक्ष पप्पूराम पटेल, नगर अध्यक्ष माधोसिंह राठौड़ तथा शिक्षाविद् देवी सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

ब्रीफ न्यूज

नीलगाय के बच्चे के शिकार का मामला, वन विभाग ने आरोपी को किया गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • अगवरी

राजस्व ग्राम हरजी में मंगलवार रात्रि को नीलगाय के बच्चे का शिकार करने के मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कालू नाथ पुत्र हिरानाथ, निवासी हरजी, जिला जालौर को गिरफ्तार किया। वन विभाग द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां मजिस्ट्रेट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए। उपवन संरक्षक जालौर जयदेव सिंह चरण के निर्देशानुसार की गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी जालौर समेराराम, वनपाल ईश्वर सिंह राव, जबर सिंह राजपुरोहित, मुकेश शर्मा, सहायक वनपाल भरत कुमार एवं वनरक्षक गुलाब खान उपस्थित रहे। वन विभाग की इस कार्रवाई से वन्यजीवों के संरक्षण एवं अवैध शिकार के मामलों में कानून के तहत कार्रवाई का संदेश गया है।

तीन साल से फरार इनामी अपराधी कंवरराम को बाड़मेर से दबोचा

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

नशे के सौदागरों पर अनवरत कहर बनने का सिलसिला जारी है। राज्य के अलग-अलग भूभागों में कार्रवाई करते हुए ए.एन.टी.एफ जयपुर महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा व अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में कार्रवाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में करीब तीन साल से फरार चल रहे एक लाख रुपये के इनामी अपराधी कंवरराम को दस्तयाब किया गया। आरोपी टॉप नार्को पच्चीस की सूची में शामिल था जो लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदलकर रह रहा था। महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ऑपरेशन विषकपिल चलाकर महानिरीक्षक पुलिस ए.एन.टी.एफ मुख्यालय जयपुर द्वारा घोषित एक लाख रुपये के तीन सालों से फरार इनामी अपराधी कंवरराम पुत्र बगताराम जाति जाट निवासी बोला पुलिस थाना ग्रामीण हाल निवासी बलदेव नगर बाड़मेर पुलिस थाना रिको क्षेत्र जिला बाड़मेर को बाड़मेर से दबोचने में सफलता अर्जित की है।

एक लाख रुपए इनाम घोषित था, अलग-अलग ठिकाने बदलकर रह रहा था आरोपी

99 अभ्यर्थियों को वितरित किए गए 138 नाम निर्देशन पत्र

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत पाली पंचायत समिति क्षेत्र में द्वितीय चरण के मतदान को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार को पंचायत समिति परिसर में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करवाने को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह देखने को मिला। बुधवार तक 99 व्यक्तियों को कुल 138 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए जा चुके हैं, जबकि पंचायत समिति सदस्य पद के लिए कुल 14 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं।

16 अक्टूबर तक जमा होंगे नामांकन -रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव के लिए बुधवार तक 99 व्यक्तियों को कुल 138 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए नामांकन पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। नाम निर्देशन पत्र राजकीय अवकाशों को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा करवा सकेंगे। अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

वार्डों से अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत किए नामांकन

रिटर्निंग अधिकारी राणावत के अनुसार बुधवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए विभिन्न वार्डों से अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इनमें वार्ड संख्या 11 से गवरी, वार्ड संख्या 13 से रेखा, वार्ड संख्या 8 से सविता, वार्ड संख्या 4 से भूपेन्द्र परिहार, वार्ड संख्या 8 से रेखा, वार्ड संख्या 14 से केसी देवी, वार्ड संख्या 15 से दुर्गेश कंवर, वार्ड संख्या 7 से ताराराम, वार्ड संख्या 16 से प्रेमलता, वार्ड संख्या 12 से कंचन तथा वार्ड संख्या 13 से रीतिका सागर शामिल हैं। पंचायती राज चुनाव को लेकर पंचायत समिति परिसर में नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपादित करने के लिए चुनाव शाखा के कार्मिक व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र उपलब्ध करवाने, नामांकन पत्र प्राप्त करने तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपादित किया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षु आरएएस अंकिता पाराशर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, लक्ष्मण कुमावत, अभिषेक चर्तुवेदी,युजवेन्द्र खेमलानी, जयपाल सिंह, ताराचंद सेजू, मीठालाल चांवरिया, शाहिल जोशी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

डीएसटी जोधपुर ग्रामीण की वांछित व इनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई

पुलिस थाना बोरुंदा में एक साल से फरार चल रहे 2 इनामी अपराधी अशफाक व विक्रम दस्तयाब

दोनों पर 5 हजार रुपए इनाम घोषित था

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित व ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक पंकज के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामेश्वर कड़ेला के निकट सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा को वांछित व ईनामी अपराधियों को दस्तयाब करने के निर्देश दिये गये। जिस पर दिनांक 14 अक्टूम्बर 2026 को डीएसटी के हैडकानि0 मदनलाल मीणा की सूचना पर टीम द्वारा प्रकरण संख्या 105/2025 पुलिस थाना बोरून्दा, जिला जोधपुर में वांछित ईनामी अपराधी अशफाक पुत्र मोहम्मद बंरिग निवासी सिवांची गेट, पुलिस थाना कोतवाली जोधपुर आयुक्तालय व विक्रम लीलावत पुत्र तुलसीराम निवासी मेघवाल बस्ती मसूरिया, पुलिस थाना देवनगर आयुक्तालय जोधपुर को जोधपुर शहर से दस्तयाब कर अग्रिम अनुसंधान हेतु पुलिस थाना बोरून्दा को सुपुर्द किया गया। उक्त दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर कुल 10,000 रूपये (प्रत्येक की गिरफ्तारी पर 5,000) का ईनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार आरोपीः अशफाक पुत्र मोहम्मद बंरिग निवासी सिवांची गेट, पुलिस थाना कोतवाली आयु0 जोधपुर और विक्रम लीलावत पुत्र तुलसीराम निवासी मेघवाल बस्ती मसूरिया, थाना देवनगर जोधपुर।

▪ पुलिस टीम - उक्त कार्रवाई में डीएसटी के सउनि श्री श्रवणकुमार भंवरिया, हैडकानि मदन मीणा (सूचना), मुकनसिंह, हरेन्द्र लोहरा, सोहनराम, श्रवणसिंह, पपूराम व अशोक भाटी की विशेष भूमिका रही।

जैतारण में अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का पीला पंजा

थिंक राजस्थान • जैतारण

सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जों को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाए। झुझुँड़ा रोड , बंजारा कॉलोनी और बिजली घर चौराहे सहित शहर के अलग-अलग स्थानों पर नगर पालिका की टीम ने जेसीबी के जरिए कार्रवाई की। इस दौरान सरकारी स्थानों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिलीप पटेल एवं जैतारण थाना अधिकारी नरेश कुमार शर्मा मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हलचल देखने को मिली।

सरकारी संपत्ति पर कब्जे के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगीः दिलीप पटेल

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिलीप पटेल ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध अतिक्रमण और सरकारी संपत्ति पर किए जा रहे कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर पालिका प्रशासन का उद्देश्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाना और शहर में सार्वजनिक स्थानों की व्यवस्था बनाए रखना है।

निर्धारित लक्ष्य से 148 प्रतिशत अधिक गतिविधियां आयोजित कर हासिल किया पहला स्थान

राष्ट्रीय पोषण माह में जोधपुर जिला प्रदेश में प्रथम

आहार विविधता, मातृ स्वास्थ्य एवं बाल विकास सहित छह थीम पर आयोजित हुईं 3.68 लाख से अधिक गतिविधियां

थिंक राजस्थान • जोधपुर

छह प्रमुख थीम के माध्यम से पोषण जागरूकता को मिला विस्तार

जिला समन्वयक पोषण अभियान श्री कानाराम सारण ने बताया कि पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर छह प्रमुख थीम के अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें आहार विविधता एवं प्रोटीनयुक्त पोषण पर सर्वाधिक 1,04,418 गतिविधियां आयोजित हुईं। सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत 94,120 तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका हुआ भोजन सुनिश्चित करने की थीम के तहत 78,873 गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, शिक्षा एवं विकास के अंतर्गत 59,098 गतिविधियां, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व की थीम पर 26,217 गतिविधियां तथा अन्य श्रेणियों में 5,293 गतिविधियां आयोजित की गईं।

राष्ट्रीय पोषण माह के प्रभावी क्रियान्वयन में जोधपुर जिले ने राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आशीष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 148 प्रतिशत अधिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस उपलब्धि के साथ जोधपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जबकि बीकानेर जिला 133 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा पाली जिला 132 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

उपनिदेशक श्री सिद्धार्थ सांदू ने बताया कि 9वां राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया गया। इस दौरान जोधपुर जिले में कुल 2 लाख 48 हजार 300 गतिविधियां आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध 3 लाख 68 हजार 19 गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह उपलब्धि पोषण संबंधी जनजागरूकता, विभागीय समन्वय और जमीनी स्तर पर व्यापक सहभागिता के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। पोषण माह के जिला प्रभारी अधिकारी श्री रावत राम ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह की मुख्य थीम 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' के अंतर्गत प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर निर्धारित गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही, अन्य विभागों के समन्वय एवं सहयोग से भी विभिन्न जागरूकता और जनभागीदारी संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि पोषण के प्रति सामुदायिक चेतना को सुदृढ़ किया जा सके। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आयोजित गतिविधियों के माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मातृ स्वास्थ्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। जिले में लक्ष्य से अधिक गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी का परिणाम रहा।

जैन तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में डांडिया की धूम, नन्हे-मुन्नों ने दी प्रस्तुतियां



थिंक राजस्थान • चुरू

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में एक दिवसीय डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों तथा कक्षा 9वीं और 11वीं की छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में कला, संस्कृति और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां दुर्गा और भगवान श्रीगणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार की सराहना की।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दीपावली व नवरात्र से संबंधित सजावटी सामग्री, रंगोली, पेंटिंग, गिफ्ट आइटम और अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए। बच्चों ने इन उत्पादों का विक्रय भी किया। वहीं, परिसर में लगाए गए फूड स्टॉल पर गोलगप्पे, पाव भाजी, केक, जूस, फल और नमकीन सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ उपलब्ध रहे। स्टॉल संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रबंधन, विपणन और विक्रय कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी महत्व दिया जाता है,ताकि विद्यार्थी विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सकें। कार्यक्रम का संचालन आनंद कंवर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

आहोर क्षेत्र में स्वीकृत 34 माइनिंग खदानों को निरस्त करवाने की मांग, मुख्यमंत्री से मिले विधायक छगनसिंह राजपुरोहित

थिंक राजस्थान • जयपुर/आहोर

आहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तोड़मी, रातानाड़ा, बांकली एवं रेवड़ा कल्ला की सरहद में स्वीकृत 34 माइनिंग खदानों को निरस्त अथवा स्थगित करवाने की मांग को लेकर आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर पत्र सौंपा। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों एवं ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए स्वीकृत खनन माइनिंग की उच्च स्तरीय जांच करवाकर खनन गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित अथवा निरस्त करने का आग्रह किया। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया कि संबंधित पहाड़ी क्षेत्र ग्रामीणों के पशुओं के चराई स्थल के साथ-साथ आसपास की कृषि भूमि के लिए भूजल रिचार्ज का प्रमुख प्राकृतिक माध्यम है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में लगभग 500 ट्यूबवेल हैं, जिनके जलस्तर पर पहाड़ी क्षेत्र का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। ऐसे में खनन एवं ब्लास्टिंग से भूजल स्तर प्रभावित होने और कृषि भूमि के बंजर होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग 4,000 से 5,000 बीघा कृषि भूमि प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त, खनन क्षेत्र के आसपास आबादी, विद्यालय एवं मंदिर स्थित हैं। ब्लास्टिंग से उत्पन्न कंपन और धूल से आमजन एवं पशुधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी जताई गई है।

सीएम को सौंपा पत्र, ग्रामीणों की समस्याओं एवं पर्यावरण संरक्षण का उठाया मुद्दा

विधायक ने पहाड़ी पर स्थित माताजी (जोगमाया) मंदिर की धार्मिक महत्ता तथा आसपास के गांवों के लगभग 20 से 25 तालाबों में पहाड़ी से पहुंचने वाले वर्षाजल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र ग्रामीणों की आजीविका, पशुपालन एवं जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री से जनहित, पर्यावरण संरक्षण, कृषि एवं पशुपालन की आवश्यकताओं तथा ग्रामीणों की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई करने और ग्रामीणों को राहत प्रदान करने का आग्रह किया।

जैतारण पालिकाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के निजी सहायक ने किया पक्षी चुग्गा गृह का उद्घाटन

थिंक राजस्थान • जैतारण

जैतारण नगर पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत ने कहा कि समाज सेवी द्वारा निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची सेवा है उन्होंने कहा कि उपाध्याय परिवार द्वारा पक्षियों के लिए चुगा ग्रह का निर्माण करवा कर सराहनीय कार्य किया है पशु पक्षियों के लिए किए गए कार्य ही पुण्य की प्राप्ति करते हैं।

पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत जैतारण क्षेत्र के नौलकी बेरा के समीप गोरिया बेरा के पास उपाध्याय परिवार दानदाता के द्वारा निर्मित पक्षियों के लिए चुग्गा एवं आवास गृह का निर्माण करवाया गया जिसका जैतारण नगर पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत एवं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के निजी सहायक राकेश गहलोत नवनिर्वाचित पालिका पार्षदों ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया आयोजन समिति के सौजन्य करता धर्माराम ढाका समाजसेवी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को समाजसेवी घीसू लाल चुन्नीलाल मदनलाल बालकृष्ण उपाध्याय की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों उपाध्याय परिवार द्वारा पक्षी चुगा गृह निर्माण करवाया गया जिसका बुधवार को विधिवत उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के निजी सहायक एवं जैतारण नगर पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत एवं नवनिर्वाचित पार्षदों की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को किया गया जिसमें आसपास के गांव के फुलमाल खिनावडी,खेड़ा महाराजपुरा , गांव के सैकड़ो लोग ग्रामीण जनों ने उद्घाटन समारोह मैं भाग लिया आयोजन समिति द्वारा समाजसेवी धर्माराम ढाका की देखरेख में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में समाजसेवी धर्माराम ढाका हैदराबाद हाल जैतारण विशनाराम दिलीप ढाका द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित भी किया गया कार्यक्रम में जैतारण नगर पालिका उपाध्यक्ष नोजी देवी मांगीलाल सीरवी पार्षद,सुखलाल सरगरा कालू राम भाटी, विशाल तंवर, अर्जुन बंजारा , शिक्षा विद श्री राम शर्मा, पंडित बाबूलाल गौड़,भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश सोनी सहित अनेक पार्षदों ने भाग लिया।

साधु की हत्या मामले में साधु सहित दो गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही के ध्रुवाना स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर में संत त्रिवेणी गिरी महाराज (70) की हत्या के मामले में शिवगंज थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक साधु समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरु के पोस्टर लगाने और नागा बाबा होने को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या की साजिश रची गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण कुमार गमेती भील और तुलसी गिरी उर्फ तोलाराम शामिल हैं। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। हत्या के बाद आरोपियों ने आश्रम के कमरे में सामान बिखेर दिया और वहां मिला कुछ सामान लेकर फरार हो गए थे।

नशे से बर्बाद हो रहे युवा, सौदागरों की पूरी चेन को तोड़ना जरूरीः एडीजे अजय कुमार विश्नोई

थिंक राजस्थान • फलौदी

नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए केवल नशा करने वालों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके पीछे सक्रिय पूरे नेटवर्क को तोड़ना जरूरी है। यह बात एडीजे अजय कुमार विश्नोई ने नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाना आवश्यक है।

विश्नोई ने कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद कर रही है। परिवार का कोई युवा इसकी गिरफ्त में आ जाता है, तो उसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है। परिवार के सपने टूट जाते हैं और भविष्य को लेकर संजोई गई उम्मीदें धूमिल हो जाती हैं। नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए भी गंभीर चुनौती है।

नशे की पूर्ति के लिए गलत राह पर युवा

उन्होंने कहा कि नशे की पूर्ति के लिए युवा अनैतिक गतिविधियों की ओर बढ़ सकते हैं। इससे सामाजिक व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। नशा देश के लिए घातक है, इसलिए इसकी रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ अवैध कारोबारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।

आपूर्ति तंत्र पर हो सख्त कार्रवाईः विश्नोई ने कहा कि अफीम, डोडा, हेरोइन, स्मैक और एमडी जैसे मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। नशे के खिलाफ लड़ाई तभी प्रभावी होगी, जब नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। युवा पीढ़ी को नशे से बचाना समाज और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है।

पिंडवाड़ा गवर्नमेंट कॉलेज भवन के लिए एमओयू मंजूर

थिंक राजस्थान • सिरोही

गवर्नमेंट कॉलेज पिंडवाड़ा को जल्द अपना भवन मिलेगा। कॉलेज के नए परिसर के लिए भामाशाह निर्मल जैन मुंबई द्वारा भेजे गए एमओयू को राज्य सरकार के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने मंजूरी दे दी है। यह भवन पिंडवाड़ा-आबूरोड हाईवे नंबर 62 पर 4 बीघा 43 बिस्वा जमीन पर बनेगा। निर्मल जैन 6 करोड़ रुपए की लागत से 25 हजार वर्गफीट में सभी सुविधाओं वाला कॉलेज भवन बनवाएंगे। पूरा होने पर इसे सरकार को दान किया जाएगा। आयुक्तालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रबंध निदेशक के नाम सौंपेंगे ज्ञापन, पीपाड़ सब-डिवीजन के कर्मचारी भी होंगे शामिल

11 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारियों का अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन आज

थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी

जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के आह्वान पर गुरुवार को दोपहर 11 बजे जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय, ओल्ड पावर हाउस, जोधपुर पर विद्युत कर्मचारियों की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 11 सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग को लेकर प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।कर्मचारी नेता जितेंद्र जाखड़ ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व में सहायक अभियंताओं के माध्यम से प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

जाखड़ ने बताया कि राष्ट्रीय नेता रामकरण रियाड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय टाक एवं शाखा अध्यक्ष सुरेश कच्छावाह सहित भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता पिछले एक सप्ताह से सब-डिवीजन के विभिन्न ग्रिड सब स्टेशन पर संपर्क कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की ओर से कर्मचारियों से अधिकाधिक संख्या में जोधपुर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया जा रहा है।

ये हैं प्रमुख मांगें

ज्ञापन में इंटर-डिस्कॉम मानवीय स्थानांतरण नीति लागू करने, शेष अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों का एलडीसी पद पर समायोजन करने, पदोन्नति एवं रिव्यू डीपीसी करवाने, वर्ष 1993-95 के आईटीआई धारक मीटर लैब कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने तथा 3, 12, 21 और 30 वर्ष की एसीपी का लाभ देने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए आरजीएचएस एवं पुरानी पेंशन योजना का लाभ, आवश्यक तकनीकी पदों का सृजन, विद्युत उपचौकियों की सुरक्षा एवं सेफ्टी ट्रेनिंग सुनिश्चित करने तथा एफआरटी, बीआई-सीटीएस, आरडीएसएस/एएमआईएसपी और ठेका कार्यों से संबंधित तकनीकी एवं आर्थिक अनियमितताओं की जांच करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी।

कर्मचारी होंगे रवाना

धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पीपाड़ सब-डिवीजन के कर्मचारी भी गुरुवार सुबह जोधपुर के लिए रवाना होंगे। कर्मचारियों को उम्मीद है कि प्रदर्शन के माध्यम से उनकी लंबित समस्याओं एवं मांगों के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई होगी।

भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व सरपंच का नामांकन खारिज

तीन पर्चे रद्द हुए; जिला परिषद की 37 सीटों पर 146 प्रत्याशी मैदान में

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर जिले की 37 पंचायत समिति सदस्यों की ओर से भरे गए नामांकन पत्रों की बुधवार को जांच की गई। इसमें एक बीजेपी और दो कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। अब 146 प्रत्याशी के नामांकन सही पाए गए। 55 नामांकन पत्र खारिज हुए। इसमें बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सरपंच हेमाराम चौधरी का भी नामांकन खारिज हो गया। चौधरी ने जिला परिषद की 6 नंबर सीट से पर्चा भरा था।

दरअसल, बाड़मेर जिला परिषद की 37 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुल 191 उम्मीदवारों ने 212 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन के आखिरी दिन जबरदस्त गहमागहमी रही, जिसमें 140 प्रत्याशियों ने 155 पर्चे भरे।

एडीएम रविंद्र कुमार ने बताया- जिला परिषद सदस्य के लि हमारे पास 212 नोमिनेशन आए थे। इन नामांकन पत्रों की जांच की गई तो 55 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हुए है। इसमें कुछ प्रत्याशियों के प्रस्तावक सही नहीं थे। कुछ लोगें के फॉर्म डबल थे। इस वजह से कुछ नॉमिनेशन क्लब भी हुए है। समीक्षा के बाद प्रत्याशी बचते है। अब 146 प्रत्याशी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा- राष्ट्रीय पार्टियों के नामिनेशन खूब थे। लेकिन मान्यता प्राप्त पार्टियों से सिंबल मिले है। उनमें से तीन नामांकन खारिज हुए है। इसमें एक वार्ड संख्या 4 बीजेपी का नॉमिनेशन, वार्ड संख्या 6 और 35 से कांग्रेस का नामांकन खारिज हुआ है। अलग-अलग कमियां थी।

कैबिनेट में पीएम मोदी के अभिनंदन का प्रस्ताव मंजूर: सीएम भजनलाल बोले- राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई, प्रदेश के दशकों से लंबित समझौते आगे बढ़े

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान कैबिनेट ने पीएम मोदी के अभिनंदन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा- राजस्थान मंत्रिमंडल पीएम मोदी के 25 साल पूरे होने पर उनका अभिनंदन करता है। राजस्थान पीएम के विकसित भारत के सपने का अग्रिम आधार बनेगा।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। राजस्थान को संघवाद की भावना से कई लाभ मिले। दशकों से लंबित समझौते आगे बढ़े। यमुना जल समझौता, नर्मदा जल समझौते और ईआरसीपी का रास्ता साफ हुआ है।

ग्लोबल राजस्थन समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए। पचपदरा रिफाइनरी पीएम मोदी ने शुरू की। 27750 किलोमीटर से ज्यादा के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे विकसित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार के वक्त 28 गीगावॉट सोलर बिजली बढ़ी है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान को बहुत फायदा हुआ है।

बिना पेपरलीक 410 से ज्यादा भर्ती परीक्षाएं करवाई: सीएम ने कहा- एक पेड़ मां के नाम अभियान में राजस्थान में 30 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। पीएम मोदी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते है। 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। 410 से ज्यादा परीक्षाएं बिना पेपरलीक करवाई हैं। अब हम 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली देने का काम कर रहे हैं।

वन स्टेट वन इलेक्शन के साथ एक साथ पंचायत निकाय चुनाव

सीएम ने कहा- पीएम के विजन के अनुसार राजस्थान में वन स्टेट वन इलेक्शन की अवधारणा को पूरा किया जा रहा है। पंचायतीराज चुनाव एक साथ करवाए जा रहे हैं। पहले अलग अलग समय पर चुनाव होने से विकास के काम प्रभावित होते थे। सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री के 25 सालों के सार्वजनिक जीवन और सेवा यात्रा को समर्पित सेवा संकल्प रथों के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है। प्रयास है कि प्रत्येक पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। सीएम ने कहा- विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब गांवों में बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनेगी। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार इसी सोच के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। सरकार का जोर गांवों की जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाएं तैयार करने और उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में 'विकसित गांव, विकसित भारत अभियान' के तहत ग्राम सभाओं और चौपालों के माध्यम से किसानों, पशुपालकों, महिलाओं और बुजुर्गों से सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर ग्राम विकास संकल्प पत्र तैयार किया गया, जिसमें ग्रामीणों की आकांक्षाओं और सामूहिक विकास के संकल्प को शामिल किया गया है।

ब्रीफ न्यूज

जेडीए ने सेंट्रल-स्पाइन में 4 फ्लैट किए कुर्क: 2.15 करोड़ से ज्यादा लीज राशि थी बकाया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत बुधवार को सेंट्रल स्पाइन योजना में बड़ी कार्रवाई की। जेडीए की जोन-9 की टीम ने ग्रुप हाउसिंग प्लॉट संख्या एस-25 पर बनी व्यावसायिक संपत्तियों में से चार खाली फ्लैट कुर्क कर लिए। संबंधित फर्म मैसर्स गंगा सागर रियल एस्टेट प्रा. लि. पर 2 करोड़ 15 लाख 73 हजार 788 रुपए की लीज राशि बकाया है। इसके अलावा इस राशि पर देय ब्याज भी जमा नहीं कराया गया था। बकाया राशि की वसूली के लिए जेडीए ने यह कार्रवाई की। जेडीए की अतिरिक्त आयुक्त राजस्व प्रतिभा पारीक ने बताया- जोन-9 की राजस्व टीम ने बकाया लीज राशि जमा नहीं कराने पर संबंधित संपत्तियों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की। इसके तहत सेंट्रल स्पाइन योजना के प्लॉट संख्या एस-25 पर निर्मित हाउसिंग सोसायटी के ब्लॉक बी में स्थित खाली फ्लैट संख्या 304 और 403 तथा ब्लॉक सी के खाली फ्लैट संख्या 905 और 804 को कुर्क किया गया। इस तरह कुल चार खाली फ्लैटों पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि जेडीए की ओर से बकाया राजस्व की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिन आवंटियों और फर्मों ने निर्धारित राशि जमा नहीं कराई है। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों के सीखने पर जोर: अनुशासन के लिए प्रेरित किया

थिंक राजस्थान • मौजमाबाद

राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड का द्वितीय और तृतीय सोपान शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड डॉ. सीमा पाराशर ने इसका निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं और बच्चों की गतिविधियों का जायजा लिया। डॉ. पाराशर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीखने के समय पूरी लगन से सीखें और मस्ती के समय मस्ती करें। उन्होंने बताया कि शिविर नई चीजें सीखने, अनुशासन अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का अच्छा मौका है। इस दौरान दूदू स्थानीय संघ के प्रधान विनोद पारीक भी शिविर में पहुंचे और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रशिक्षकों में प्रमोद कुमार कासोटिया, बंशीलाल बलाई, शंकरलाल चौहान, लक्ष्मीनारायण, बोदूराम गुर्जर, नीरू वर्मा, संतोष वर्मा और निशा प्रजापत शामिल थे। मौजमाबाद के सचिव चोगेश कुमार गोठवाल और दूदू के सचिव हरफूल सिंह सिंगाड़िया ने अतिथियों का आभार जताया। शिविर के दूसरे दिन बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

चलती बस के खुले गेट से गिरा यात्री,मौत:बस के अंदर बने वॉशरूम में जाते समय हादसा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

बीकानेर से नाथद्वारा जा रही बस से गिरने पर एक युवक की मौत हो गई। युवक बस में बने वॉशरूम की तरफ जा रहा था। इस बीच बस के खुले गेट से सड़क पर गिर गया। सिर और शरीर पर गंभीर चोट आने पर पिता और अन्य लोग हॉस्पिटल लेकर पहुंचे लेकिन जान नहीं बच सकी। हादसा जोधपुर कमिश्नरेट के करवड़ थाना क्षेत्र में हुआ था। पुलिस ने युवक के पिता की रिपोर्ट पर बस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। करवर थाना अधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि हादसे में बीकानेर (वल्लभ गार्डन) के रहने वाले कृष्णा पी. माधवानी (32) की मौत हुई है। युवक के पिता ने पुरुषोत्तम माधवानी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया कि वे और उनका बेटा बीकानेर से नाथद्वारा जाने के लिए 12 अक्टूबर रात मिलन ट्रैवल एजेंसी की बस नंबर AR 11 C 9200 में बैठे थे। बस रात करीब 9 बजे बीकानेर से रवाना हुई थी। बेटा दो नंबर सीट पर सोया था। **गेट खुला होने पर गिरा युवक:** रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच बस जोधपुर में आईआईटी गेट नंबर 02 के पास पहुंची। तब बेटा बस में बने वॉशरूम में जा रहा था। बस का आगे का मुख्य गेट खुला था। बस की स्पीड तेज होने के कारण बेटा गेट से नीचे सड़क पर गिर गया। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आईं। वे और बस में मौजूद लोग उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉच्युरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर करवड़ पुलिस ने एमजीएच मॉच्युरी पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किए।

जैसलमेर: फूड सेफ्टी टीम ने 40 किलो मिठाई नष्ट की: देवीकोट में मिठाई की दुकानों पर निरीक्षण, 10 किलो रंगीन चटनी भी नष्ट

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

नवरात्र और दीपावली त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए जैसलमेर जिले में विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में देवीकोट क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्तिपाल सिंह भाटी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. स्वरूप चारण की संयुक्त टीम ने देवीकोट क्षेत्र की विभिन्न मिठाई की दुकानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण, साफ-सफाई और निर्माण से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने मिलावट की आशंका के चलते मावा, विभिन्न मिठाइयों और घी के कुल 7 नमूने जांच के लिए एकत्र किए। इन सभी नमूनों को मानक परीक्षण के लिए राज्य की प्रयोगशाला में भिजवाया जा रहा है। लैब से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों के अनुसार आगामी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाई गई 40 किलो दूषित मिठाई और 10 किलो रंगीन चटनी को मौके पर ही नष्ट करवाया गया, ताकि त्योहारों के सीजन में किसी भी आम नागरिक के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो। दुकान संचालकों को खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आमजन से सुरक्षित भोजन अपनाने की अपील

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आम नागरिकों से विशेष अपील की गई है कि वे त्योहारों के दौरान बाजार से मिठाइयां व अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दें। किसी भी प्रकार की संदेहजनक या मिलावटी खाद्य सामग्री की सूचना तुरंत विभाग को दें।

अलवर में तीन आरोपियों को 10-10 साल की सजा, युवक पर चाकू से हमला किया था

कोर्ट ने 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया

थिंक राजस्थान • अलवर

अलवर में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-2 की अदालत ने तीन आरोपियों को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जस्टिस रिधिमा शर्मा ने दोषी दिलराज, सोहिल और अल्ताफ पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में तीन अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

अपर लोक अभियोजक महेश चंद मीणा के अनुसार, घटना 7 मार्च 2023 की है। मनीष और उसका दोस्त अजय बाइक पर सवार होकर 60 फीट रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए छह युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने अजय पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद एनईबी थाना पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने दिलबाग, सोहिल और अल्ताफ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने तीनों को दोषी मानते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

भरतपुर: बंद मकान में दूसरी बार घुसे चोर: ज्वेलरी-कैश पार किया

थिंक राजस्थान • भरतपुर

भरतपुर के कोतवाली थाना इलाके में चोरों ने एक बुजुर्ग महिला के सूने पड़े मकान को निशाना बनाया। इस समय चोरी हुई मकान मालिक बुजुर्ग महिला अपने पड़ोसी के घर पर सो रही थी। चोर मकान से सोने-चांदी के जेवर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया है। इससे पहले भी चोर इसी मकान में चोरी कर चुके हैं।

रेलवे चौकी इंचार्ज ASI बृजलाल ने बताया- घटना रंजीत नगर स्थित बाबरिया बस्ती की है। मकान में शांति नाम की बुजुर्ग महिला अकेली रहतीं हैं। उनके बच्चे शहर से बाहर रहते हैं। सुबह उठकर जब वह अपने मकान पर गईं तो, उसके मकान के गेट के अंदर का ताला टूटा हुआ था। कमरे की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर गायब थे। जिसके बाद उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जिससे चोरों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि चोर मकान से कितने के जेवर चोरी कर ले गए हैं। महिला के अनुसार तलाशी में एक 250 ग्राम चांदी की करधनी, 5 चांदी के सिक्के, 3 हजार नकद, एक बच्चे का सोने का लॉकेट गायब है।

वैर घटना पर झूठी पोस्ट, आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • भुसावर

थाना भुसावर पुलिस ने वैर घटना से जुड़ी सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट डालने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के निर्देश पर की है। थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि 11 अक्टूबर 2026 को वैर इलाके में एक हत्या हुई थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी।

किसानों को बांटे 2106 मृदा स्वास्थ्य कार्ड

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जिले में संचालित विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा खंड स्तर और गिरदावर वृत्त पर सेवा सेतु ग्रामीण शिविर आयोजित किए गए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक (विस्तार) महावीर प्रसाद छीपा ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में 2106 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। जबकि 5777 किसानों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को भूमि में 12 पोषक तत्वों की स्थिति व संतुलित उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक सलाह दी गई। शिविरों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की भी जानकारी दी गई। खरीफ 2026 मौसम में संभावित प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के लिए जिले के 41 हजार 306 किसानों ने 2.26 लाख हेक्टेयर की फसलों का बीमा करवाया।

पुलिस रिमांड में आरोपी की तबीयत बिगड़ी: 9 घंटे बाद अस्पताल में मौत, जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तार किया था

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जैसलमेर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस रिमांड पर लिए गए 68 साल के आरोपी की जोधपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को पूछताछ के दौरान रात करीब 8:15 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे जैसलमेर के राजकीय जवाहिर अस्पताल ले जाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। जहां 14 अक्टूबर की सुबह करीब 5:45 उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले

के निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शहर कोतवाल प्रेमाराम विश्नोई ने बताया- कोतवाली थाने में नरेश कुमार के खिलाफ 7 जुलाई 2026 को मामला दर्ज था। परिवादी ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने धोखाधड़ी कर पोंग बांध विस्थापित को आवंटित की गई कीमती जमीन को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने 12 अक्टूबर को नरेश कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 13 अक्टूबर को उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी का पुलिस रिमांड मंजूर किया था।

पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात करीब 8:15 बजे पूछताछ के दौरान नरेश कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसने सीने और पेट में तेज दर्द होने की शिकायत की। स्थिति गंभीर होने पर पुलिसकर्मी उसे तुरंत राजकीय जवाहिर अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से जोधपुर रेफर कर दिया। नरेश कुमार का जोधपुर के मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल में इलाज चल रहा था। 14 अक्टूबर की सुबह करीब 5:45 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। मौत के कारणों और अन्य परिस्थितियों के संबंध में आधिकारिक जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

अजमेर जिले में अवैध शराब की ब्रांच पकड़ी, 1 गिरफ्तार: बिना लाइसेंस कर रहा था बिक्री

विभिन्न ब्रांड की ढाई लाख की शराब जब्त

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर जिले के कोटाज गांव में बिना लाइसेंस ब्रांच खोलकर शराब बिक्री करने का मामला मांगलियावास पुलिस ने पकड़ा। यहां से विभिन्न ब्रांड की ढाई लाख रुपए की शराब जब्त की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया-कोटाज ग्राम में कंटेरनुमा दुकान में अवैध शराब की ब्रांच चल रही थी, जिसमें एक व्यक्ति बैठा था। जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुरेश रावत पुत्र शंकर सिंह रावत उम्र 27

साल निवासी केसरपुरा बताया। ब्रांच चलाने का लाईसेंस मांगा तो नहीं होना बताया। इस पर तलाशी ली तो वहां पर विभिन्न ब्रांड की शराब मिली। जिसे जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार किया।

ये शराब बरामद: व्हाईट लेस वोडका की 6 बोतल, ओल्ड मौक की 03 बोतल व 07 हाफ, देशी शराब की 08 बोतल, एमसी डोवेल की 11 बोतल व 28 हॉफ, कारटी क्लब की 10 बोतल, रॉयल स्टेग की 11 बोतल व 18 हॉफ, इम्पीरियल ब्लू की 04 बोतल, महारानी महनसर की 10 बोतल, ग्रीन लेबल की 09 बोतल, मैजिक मुवमेंट औरेंज की 18 बोतल, ऑफिसर चॉयस की 04 बोतल व 09 हॉफ, रॉयल चैलेंज की 07 बोतल, मैजिक मुवमेंट जामुन की 06 बोतल, 08 पीएम की 07 बोतल व 17 हॉफ, ऑक्सोनिक व्हाईट की 07 बोतल व 20 हॉफ, ग्रीन लेबल के 43 हॉफ, ऑल सेशन के 36 हॉफ व 92 पव्वे शराब तथा विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब के 542 पव्वे सहित रॉयल चैलेंज के 76 मिनीचर व 307 पव्वे देशी शराब के साथ ही कंटेनर के अंदर लगे डी-फ्रीज को चैक किया तो किंगफिशर बीयर की 125 बोतल व 24 कैन।

अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में हिसामपुर टीम उपविजेता रही

बघेरा। नासिरदा में हुई अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में हिसामपुर टीम उपविजेता रही । प्रतियोगिता में देश की 24 टीमों ने हिस्सा लिया। कानपुर, प्रयागराज, पंजाब, जयपुर, भीलवाड़ा, शाहपुरा, फुलियाकलां, केकड़ी, सरवाड़ की टीमें भी शामिल रहीं। कड़े मुकाबलों के बीच जयपुर अकादमी की टीम प्रथम रही। हिसामपुर टीम की ओर से मनीष, हनुमान, मोनू, अर्पित, अजीत, खुशीराम, सोनू, विशाल, रामदेव, पवन, सांवरिया, तनवेश सहित अन्य ने बेहतर खेल दिखाया। कार्यक्रम में निर्मल शर्मा, गोपाल मेघवंशी, दिनेश शर्मा, रामप्रसाद कुमावत, हेमराज, रमेश शर्मा, महावीर ठेकेदार, छीतर बैरवा, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

दिल्ली: रितु बराला से मारपीट, राहुल गांधी बोले- ये शेरनी है

:NSUI की राष्ट्रीय सचिव बोलीं- महिला पुलिसकर्मी ने सड़क पर घसीटा

थिंक राजस्थान • जयपुर

दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को NSUI के प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव रितु बराला और महिला पुलिसकर्मी में जमकर मारपीट हो गई।

कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली पुलिस पर NSUI कार्यकर्ताओं से मारपीट और खराब बर्ताव को लेकर रोष जताया है। रितु झुंझुनूं की रहने वाली हैं। वे राजस्थान यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति में सक्रिय रही हैं। दिल्ली में बुधवार

को राहुल गांधी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में रितु ने घटना के बारे में बताया। राहुल गांधी ने रितु बराला को दिखाते हुए कहा- ये शेरनी है। जब पूछा कि डर लगा तो लड़की ने कहा कि डर नहीं लगा। रितु बराला ने बताया- 'मैंने कहा कि जितना मारना है मारो। हम NSUI के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। हमें बसों में भरा गया।' उन्होंने कहा- हमें सड़क पर घसीटा गया, प्राइवेट पार्ट्स पर मारा।

गृह मंत्रालय के आंकड़ों से बड़ा खुलासा

ब्रिटेन में हिंदुओं के खिलाफ नफरत की घटनाओं में 15 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में रह रहे हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरती अपराधों (हेट क्राइम) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है। ब्रिटिश सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, इंग्लैंड और वेल्स में हिंदुओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले धार्मिक हेट क्राइम के मामलों में पिछले एक साल 15% का उछाल आया है।पुलिस ने मार्च 2025 से इस साल मार्च के बीच इंग्लैंड और वेल्स में कुल 146,825 हेट क्राइम रिकॉर्ड किए। धार्मिक हेट क्राइम में 13% की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां न सिर्फ हिंदू, बल्कि ईसाई (24%), मुस्लिम (15%), यहूदी (10%) और सिख (3%) समुदाय भी लगातार नफरती हमलों का शिकार हो रहे हैं।

ब्रिटिश हिंदुओं के लिए एक एडवोकेसी ग्रुप एनसाइट यूके के एंटी-हिंदू हेट सर्वे में 2,688 जवाब आए थे। हर जवाब देने वाले ने एंटी-हिंदू नफरत देखी या महसूस की थी, जिसमें फिजिकल वायलेंस और ऑनलाइन हैरेसमेंट से लेकर मंदिर में तोड़-फोड़ और मीडिया और एजुकेशन में हिंदू धर्म को गलत तरीके से दिखाना शामिल था

हिंदू हमलों की रिपोर्ट नहीं कर रहे

हिंदू मंदिरों के लिए फंडिंग भी नहीं

एआई इमेज

अन्य धर्म के लिए विशेष सुरक्षा योजना

ब्रिटिश हिंदुओं के लिए काम करने वाले एक एडवोकेसी ग्रुप एनसाइट यूके के एक प्रवक्ता ने कहा कि यहूदियों के पूजा स्थलों (सिनागॉग) और मस्जिदों के लिए विशेष सुरक्षा योजनाएं हैं, जबकि हिंदू मंदिरों के लिए ऐसी कोई अलग व्यवस्था नहीं है और उन्हें सामान्य फंडिंग के बहुत छोटे से हिस्से के लिए भी होड़ लगानी पड़ती है।

सर्वे में लोग बोले- हिंदू विरोधी नफरत बढ़ रही

इनसाइट के प्रवक्ता ने बताया कि आंकड़ों के साथ गृह विभाग की लिखी हुई कमेंट्री सिर्फ यहूदियों और मुसलमानों के बारे में थी, जिसमें हिंदुओं का कोई जिक्र नहीं था, जो यूके का तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक ग्रुप है। 15% की बढ़ोतरी को टेबल में एक लाइन की तरह नहीं छोड़ा जाना चाहिए। हमारा एंटी-हिंदू हेट सर्वे, जो नवंबर में पब्लिश होना था, उसमें 2,688 जवाब आए थे। हर जवाब देने वाले ने एंटी-हिंदू नफरत देखी या महसूस की थी, जिसमें फिजिकल वायलेंस और ऑनलाइन हैरेसमेंट से लेकर मंदिर में तोड़-फोड़ और मीडिया और एजुकेशन में हिंदू धर्म को गलत तरीके से दिखाना शामिल था।

हिंदूओं के प्रति गंभीर शारीरिक हमले बढ़ रहे

हिंदू काउंसिल यूके के प्रबंध संचालक अनिल भनोट ने कहा कि हिंदुओं के मामले में ऐसा नहीं है, जिनके साथ गंभीर शारीरिक हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े सही तस्वीर नहीं दिखाते, क्योंकि अगर कोई हेट क्राइम फिजिकल असॉल्ट नहीं है, तो कई हिंदू अभी भी चुपचाप सहना पसंद करते हैं। वे इसकी रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि अधिकारी कुछ करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए हिंदू मंदिर सरकारी फंडिंग के लिए आवेदन तो कर सकते हैं, लेकिन ऐतिहासिक रूप से उन्हें अब तक कोई राशि आवंटित नहीं की गई है।

इंग्लैंड और वेल्स में हेट क्राइम में 7% की बढ़ोतरी

होम ऑफिस के जारी आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च 2026 तक के साल में इंग्लैंड और वेल्स में हेट क्राइम में 7% की बढ़ोतरी हुई है और इनकी संख्या बढ़कर लगभग 147,000 हो गई है। पिछले साल 137,000 अपराध दर्ज किए गए थे। होम ऑफिस ने कहा कि ये आंकड़े इस बात का संकेत हो सकते हैं कि हेट क्राइम में असल में बढ़ोतरी हुई है और इसकी वजह नस्ल और धर्म से जुड़े अपराधों में बढ़ोतरी है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि यौन रुझान, विकलांगता और ट्रांसजेंडर पहचान से जुड़े दर्ज हेट क्राइम में कोई बदलाव नहीं हुआ या उनमें कमी आई है।

खबर संक्षेप

फ्लाइट में मोबिकिन्स पीबी-04 पावरबैंक बैन

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो विमान में आग लगने की

एक घटना के बाद मोबिकिन्स एमके-पीबी-04 पावरबैंक को भारत आने-जाने वाली और देश के भीतर संचालित होने वाली सभी उड़ानों में ले जाने या परिवहन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव ने एयरलाइंस को निर्देश दिया कि इस विशेष पावरबैंक मॉडल को न तो यात्रियों द्वारा विमान में लाया जाए और न ही कार्गो के रूप में इसका परिवहन किया जाए। यह निर्देश जारी किया।

अमृतप्रभा महंत फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुईं पेश

गुवाहाटी। असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में आरोपी सिंगर अमृतप्रभा महंत

बुधवार को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में पेश हुईं। गुवाहाटी हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंगलवार को उन्हें हाफलोंग सब-जेल से रिहा किया गया था। रिहाई के बाद उन्हें कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया था। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 9 अक्टूबर को अमृतप्रभा महंत को जमानत दी थी। जस्टिस प्रांजल दास ने 50 हजार रुपए के बॉन्ड और उतनी ही रकम की दो जमानत राशि पर उन्हें जमानत दी। कोर्ट ने कई दिनों तक दलीलें सुनी थी।

भारत-यूएस बीटीए को लेकर जगी उम्मीद

17 से भारत यात्रा पर मार्को रुबियो 'ऊर्जा' सहयोग पर भी होगी चर्चा

केंद्र सरकार के साथ होगी उच्च-स्तरीय मुलाकात

विदेश मंत्री मार्को रुबियो

नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जल्द निष्कर्ष निकलने की उम्मीद जताने वाले बयान के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी से ये जानकारी आ गई कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार, 17 अक्टूबर से भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वह राष्ट्रीय राजधानी की जगह पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और उसके बाद गुजरात के जामनगर जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि विदेश मंत्री रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद और भारत के मुंबई, जामनगर की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और उस दौरान होने वाले विचार-विमर्श में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय स्वरूप वाले कई मुद्दों का समावेश किया जाएगा।

रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इस वर्ष मार्को रुबियो की भारत की यह दूसरी यात्रा है। जिसमें वह वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूद रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। इसके अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक परिदृश्य सहित ऊर्जा सहयोग को लेकर भी आपस में विचार साझा किए जाएंगे। विदेश मंत्री व्यापारिक नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। जिससे वाणिज्यिक निवेश और आर्थिक सहयोग से जुड़े अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पूर्व में अमेरिका के विदेश मंत्री ने इस साल मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की चार दिवसीय यात्रा की थी।

200 से अधिक लोग साथ आएंगे

अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया, विदेश मंत्री की इस ऐतिहासिक मध्य एशिया की यात्रा में उनके साथ 200 से अधिक बिजनेस लीडर्स का एक विस्तृत प्रतिनिधिमंडल भी समरकंद जाएगा। अमेरिका और मध्य एशिया में व्यापारिक सहयोग को लेकर मजबूती प्रदान करने के एक नए युग की शुरुआत के रूप में इसका परिणाम सबके सामने आएगा। उज्बेकिस्तान में मार्को रुबियो मध्य एशिया क्षेत्र के सभी पांचों देशों उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सी5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में शिरकत करेंगे।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जयशंकर से की मुलाकात

कनाडा-भारत संबंधों के लिए संयुक्त रोडमैप तैयार

व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की

जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेशर मंत्री के साथ प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। अपने नेतृत्व और सरकार तथा उद्योग जगत के साथ लगातार बातचीत के जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं

नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा दोनों देशों का नेतृत्व और पारस्परिक संवाद रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

■ भविष्य की समृद्धि को मिलकर आकार देंगे दोनों देश

'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा कि आज नई दिल्ली में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई।

हमने व्यापार और निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में अपने संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही, प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। अपने नेतृत्व और सरकार तथा उद्योग जगत के साथ लगातार बातचीत के जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

अनीता आनंद और एस. जयशंकर

मार्क कार्नी से पीएम मोदी की फोन पर बात

फाइल फोटो

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के पीएम कार्नी से फोन पर सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि भारत और कनाडा मिलकर अधिक स्थिर एवं समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। वहीं, कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी दिसंबर में कनाडा की यात्रा करेंगे।

दिसंबर में पीएम मोदी कनाडा आएंगे

पीएम नरेंद्र मोदी की दिसंबर में प्रस्तावित कनाडा यात्रा पर सभी की निगाहें टिकी हैं। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक ने कहा कि भारतीय समुदाय भी पीएम मोदी के दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को मजबूती देने की दिशा में अगला तार्किक कदम होगा। पटनायक ने कहा कि पिछले एक साल में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए कई स्तरों पर काम किया है।

पीएम मोदी से मिलीं कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आनंद

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और शिक्षा समेत प्रमुख क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने निरंतर संवाद बनाए रखने और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के लिए चल रही वार्ताओं को जल्द पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम ने द्विपक्षीय संवाद में गति बनाए रखने और साझा हित वाले क्षेत्रों में सहयोग को ठोस परिणामों में बदलने के महत्व को रेखांकित किया।

इस साल के अंत तक होगा भारत-कनाडा व्यापार समझौता

भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत तेज हो गई है। दोनों देश साल के अंत से पहले एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयास कर रहे हैं। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने बताया कि कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस सप्ताह नई दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। यह बैठक भारत में टीम कनाडा व्यापार मिशन के दौरान हुई। झौते के लिए चल रही वार्ता पर विस्तार से चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं।

कनाडाई व्यापार मिशन में 300 प्रतिनिधि शामिल: सिद्धू ने व्यापार मिशन का समर्थन करने के लिए गोयल को धन्यवाद दिया। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस मिशन में करीब 300 प्रतिनिधि शामिल हैं।

मनिंदर सिद्धू और पीयूष गोयल

हाईजैक अलर्ट निकला फर्जी, ढाई घंटे तक चली जांच

सभी यात्री सुरक्षित, सुरक्षा जांच के बाद विमान को उड़ान की दी मंजूरी

जयपुर

फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान, जिसे हाईजैक अलर्ट मिलने के बाद जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपातकालीन रूप से उतारा गया था, सुरक्षा जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद उसे अपनी आगे की यात्रा जारी रखने की अनुमति दे दी गई है।

हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को फ्लाइट एआई-2030 में दोबारा सवार होने के लिए कहा गया और विमान को दिल्ली के लिए रवाना करने की तैयारी शुरू कर दी गई। यह उड़ान

जयपुर एयरपोर्ट पर विमान

बुधवार सुबह जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी, क्योंकि अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को विमान से कथित तौर पर हाईजैक अलर्ट प्राप्त हुआ था। बाद में यह सूचना जयपुर एटीसी को दी गई, जिसके बाद विमान को जयपुर की ओर मोड़कर सुबह करीब 9:45 बजे उतारा गया।

विमान में सवार थे 300 यात्री

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, विमान में लगभग 300 यात्री सवार थे। विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम सहित सुरक्षा कर्मियों ने विस्तृत जांच की। यह जांच करीब ढाई घंटे तक चली। अधिकारियों के अनुसार, विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया था कि संभवतः पायलट द्वारा गलती से निर्धारित अलर्ट बटन दबाए जाने के कारण हाईजैक अलर्ट सक्रिय हो गया। एक अन्य शुरुआती जानकारी में यह भी संकेत मिला कि कोई तकनीकी या सिस्टम संबंधी खराबी इस संदेश का कारण हो सकती है। पूछताछ के दौरान पायलट ने गलती से अलर्ट बटन दबाने से इनकार किया। अलर्ट के वास्तविक कारण को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया था।

होर्मुज स्ट्रेट में बड़ा हादसा

बारूदी सुरंग से टकराकर डूबा 2500 कंटेनर वाला कार्गो शिप

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराकर बुधवार सुबह एक मालवाहक जहाज डूब गया। जहाज में 2500 कंटेनर थे। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने यह जानकारी दी। टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई थी। जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग से टकराकर कोई जहाज डूबा है। डूबने वाले जहाज का नाम जीएफएस प्राइड है। यह सिंगापुर के झंडे के तहत चल रहा था और इसमें

जीएफएस प्राइड जहाज

एक बार में 2,824 कंटेनर ले जाने की क्षमता थी। जहाज का कामकाज यूएई की एक कंपनी के पास था। आईआरजीसी ने बुधवार को बताया कि जहाज होर्मुज के पास एक ऐसे रास्ते से गुजर रहा था, जिसे इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी और रास्ता खतरनाक था।

हरिभूमि के सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

सऊदी अरब पर बढ़ते हमलों से न डरें भारतीय, देश वापसी के विकल्प मौजूद

नई दिल्ली

सऊदी अरब पर किए जा रहे हमलों के बीच भारत ने अपने देश के नागरिकों को किसी भी तरह से चिंता न करने की अपील करते हुए कहा है कि जो लोग इस वक्त सऊदी में फंसे हुए हैं। उनकी वतन वापसी के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। अभी फिलहाल हम हालात के जल्द बेहतर होने का इंतजार कर रहे हैं। जिसके बाद इस कवायद की असल मायने में शुरुआत की जाएगी। बता दें, समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीयों की कुल संख्या 90 लाख से 1 करोड़ के बीच में है। जिसमें सऊदी अरब में भी यह काफी तादाद में निवास करते हैं।

विमान कंपनियों से संपर्क में दूतावास

उन्होंने यह भी बताया कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत और सऊदी अरब के बीच लोग बड़े पैमाने पर अपनी यात्राएं करते हैं। वर्तमान में भी हमारे कई लोग वहां फंसे हुए हैं। लेकिन अभी उनकी कुल संख्या के बारे में आधिकारिक जानकारी मौजूद नहीं है। लेकिन यह जो भी लोग हैं, उनका संबंध मक्का, दम्माम, जेद्दा और रियाद से जुड़ा हुआ है। रियाद व अन्य स्थानों पर भारत का दूतावास विमानन क्षेत्र की कंपनियों, भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है जिसका मकसद देश के लोगों को हर हाल में जरूरी मदद पहुंचाना व उनके कल्याण पर केंद्रित है।

लद्दाख पर जबरन अपना कब्जा जमाने वाले चीन को रक्षा मंत्री सिंह की दो टूक

एमपी-इडसा में हुए आसियान-भारत रक्षा थिंक टैंक फोरम में दिया संबोधन, आयोजन में शामिल हुए 11 देश के प्रतिनिधि

सीमाहीन चुनौतियों से मुकाबले के लिए एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना अनिवार्य, संवाद भी जरूरी

नई दिल्ली

भारत द्वारा पश्चिमी सीमा पर स्थित लद्दाख की 28 जगहों को आधिकारिक रूप से मानकीकृत करने के मामले पर चीन द्वारा जताई गई नाराजगी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट रूप से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उभरती हुई और पारंपरिक 'सीमाहीन चुनौतियों' से निपटने के लिए कुछ बुनियादी बातें अनिवार्य रूप से लागू होती हैं। जिनमें विश्वास बनाने से लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना, अंतरराष्ट्रीय कानून की अनुपालना और बातचीत के रास्ते खुले रखना बेहद जरूरी है। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) में आयोजित किए गए पहले दो दिवसीय भारत-आसियान थिंक टैंक फोरम को संबोधित करते हुए दी है। इस दौरान उनका जोर हालांकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) की ओर था।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

आयोजन में आसियान के 11 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने रक्षा प्रौद्योगिकी को एक जरूरी क्षेत्र बताते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, साइबर क्षमताएं और अंतरिक्ष आधारित प्रणालियां तेजी से अहम होती जा रही हैं। बीते वक्त में हुए संघर्षों से ये साफ हो गया है कि संभवतः कम लागत वाले यानी सस्ते ड्रोन भी महंगी रक्षा प्रणालियों के लिए सिरदर्द बन सकते हैं या उन्हें चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने व्यावहारिक, किफायती, समाधानों के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया है।

विवाद में तब्दील नहीं होने चाहिए मतभेद

राजनाथ ने कहा कि भारत एक ऐसा हिंद-प्रशांत क्षेत्र चाहता है। जहां देश चाहे छोटे हों या फिर बड़े, अपने सभी फैसले खुद ले सकें, हितों की रक्षा कर सकें तथा शांतिपूर्ण ढंग से विकास कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमें एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है। जिसमें मतभेदों के विवाद बनने से पहले ही शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके। ये एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था होगी, जहां कोई देश किसी अन्य पक्ष के शामिल हुए बिना एक साथ मिलकर काम करें।

आईपीआर में दोनों पक्षों के साझा हित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और आसियान समूह देश शांति, स्थिरता, समृद्धि के अलावा एक खुले-समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समान रूप से अपने हितों को बांटते हैं। दोनों के बीच साझा इतिहास, संस्कृति, व्यापार और विचारों पर आधारित घनिष्ठ संबंध हैं। आईपीआर पर हमारा दृष्टिकोण एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। ऐसे में हमें सहयोग को मजबूत करना चाहिए। न कि क्षेत्रीय मंचों के बीच प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। भारत अपनी पूर्व की ओर देखो नीति, महासागर विजन सहयोग पर जोर देता है।

हिंद महासागर को सुरक्षित रखना जरूरी

उन्होंने कहा कि हिंद महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया के समुद्री क्षेत्रों को सुरक्षित बनाए रखना हमारी एक साझा जिम्मेदारी है। क्योंकि ये हमारे समुद्री क्षेत्र का हिस्सा हैं। जो व्यापार, ऊर्जा, आमजन और आवश्यक वस्तुओं के लिए अहम हैं। हमारी साझेदारी स्थाई होनी चाहिए। न कि एक बार का लेन-देन। समुद्री क्षेत्र के संबंध में जागरूकता,समुद्री सहयोग को सशक्त बनाना एक स्थिर, नियम आधारित समुद्री व्यवस्था सुनिश्चित करने की कुंजी है।

---

14 से 16 अक्टूबर तक चलेगी यह यात्रा

यूएई की यात्रा पर विदेश मंत्री जयशंकर, द्विपक्षीय बैठक करेंगे

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में बीते लगभग 8 महीने से जारी भीषण युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर बुधवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसमें खाड़ी के इस देश में अपने समकक्ष और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ उनकी

एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी और उसमें भारत, यूएई के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने 14 अक्टूबर को अपने एक बयान के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विदेश मंत्री अपनी इस यूएई यात्रा के दौरान उक्त बैठक के अलावा अबू धाबी में होने वाले रायसीना मध्य पूर्व कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में होने वाली चर्चाओं में भी भाग लेंगे।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने जोडर

एजेंसी ▸▸| शंघाई

राफेल जोडर ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लगातार तीसरे मैच में एक सेट गंवाने के बाद वापसी की और शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

20 वर्षीय जोडर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वैन डी जैंडशल्प को 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया। पहला सेट हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोडर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

शंघाई मास्टर्स के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टर फाइनलिस्ट जैकब मेन्सिक हैं, जो 19 साल की उम्र में शंघाई मास्टर्स 2024 में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

मैं सही चीजें कर रहा था : जोडर

जोडर ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सही चीजें कर रहा था, लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेक में अहम प्वाइंट मुझसे बेहतर खेले। इसी कारण उन्होंने पहला सेट जीता। मुझे सिर्फ दो ब्रेक प्वाइंट मिले थे। दूसरे सेट में मैंने ब्रेक के साथ शुरुआत की, जिससे मुझे सेट में आगे बढ़ने और बेहतर स्थिति में आने में मदद मिली। आज का मैच जैसा रहा, उससे मैं बहुत खुश हूं।

जोडर ने बनाया मैच पर नियंत्रण

वैन डी जैंडशल्प ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। इसके बाद उन्होंने टाई-ब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, राफेल जोडर ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट से अपनी लय पकड़नी शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने मैच पर नियंत्रण बना लिया और शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह उनका शंघाई में पहला टूर्नामेंट था। इस जीत के साथ एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हो गई हैं। 20 वर्षीय जोडर एटीपी टूर पर अपना पहला पूरा सीजन खेल रहे हैं और इस साल उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 41-16 हो गया है। वह फिलहाल 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें स्थान पर हैं और 10वें स्थान पर मौजूद नोवाक जोकोविच से केवल 131 अंक पीछे हैं।

वुहान ओपनः स्वियातेक की सीजन की 40वीं जीत, सेरेना को पीछे छोड़ा

स्वियातेक ने मैग्डेलेना को 1 घंटे 43 मिनट में दी मात

एजेंसी ▸▸| वुहान

वुहान ओपन में पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को हमवतन मैग्डेलेना फ्रेच को मात देकर इस सीजन की अपनी 40वीं जीत दर्ज की, जबकि एलिना स्वितोलिना ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ी सीजन के आखिर में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैग्डेलेना फ्रेच को 1 घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-1 से मात देकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में अपने करियर की 149वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ स्वियातेक ने सेरेना विलियम्स की 148 जीत के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। वह इस लिस्ट में सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।

पोलैंड की स्वियातेकने अब लगातार पांच सीजन में कम से कम 40 जीत दर्ज की हैं, हालांकि उन्होंने माना कि 2026 में लगातार अच्छा प्रदर्शन बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।

मैंने कम गलतियां कीं : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलकर खुश हूं, क्योंकि मुझे पहले वहां खेलने का मौका नहीं मिला था। मैच की शुरुआत में मुकाबला एक-एक प्वाइंट का था, लेकिन बाद में मुझे खुशी हुई कि मैंने कम गलतियां कीं और मैच के आखिर तक अपने मौकों का सही इस्तेमाल किया। निश्चित रूप से यह स्कोर से कहीं ज्यादा मुश्किल मैच था।

रणजी ट्रॉफी : पोरेल-घरामी के शतक, बंगाल ने दिल्ली को 9 विकेट से हराया

दिल्ली पर बंगाल भारी, शमी ने झटके 5 विकेट

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन 9 विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर 3 विकेट पर 101 रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम 106.2 ओवर में 277 रन पर आउट हो गई। मैच में बंगाल की जीत के हीरो रहे शतकवीर अभिषेक पोरेल और सुदीप कुमार घरामी। वहीं दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहली पारी में 4 विकेट सहित पूरे मैच में 5 विकेट झटके।

कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंद में 85 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 76 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दिल्ली के 240 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 429 रन बनाए थे और उसे 89 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए 15.3 ओवर की ही जरूरत पड़ी।

गुजरात ने ओडिशा को दी करारी शिकस्त

वहीं एक अन्य मैच में बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक सहित 7 अंक हासिल किए। ओडिशा ने 4 विकेट पर 119 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 161 रन पर आउट हो गई। गुजरात को इस तरह से 47 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 9.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। इससे पहले देसाई ने 36 रन देकर 5 विकेट लिए और ओडिशा को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। ओडिशा की तरफ से संदीप पटनायक ने 65 और निनाद राठवा ने 53 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला ने भी गुजरात की जीत में योगदान दिया। उन्होंने मैच में 6 विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में लिए गए 33 रन देकर तीन विकेट भी शामिल हैं।

विदर्भ बनाम पुडुचेरी

रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में विदर्भ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी को 160 रनों से हराया। पहली पारी में विदर्भ ने 428 रन बनाए, जिसके जवाब में पुडुचेरी की पूरी टीम 313 रन बनाकर ऑलआउट हुई। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी 3 विकेट खोकर 175 रन बनाने के बाद घोषित की, जिसके जवाब में पुडुचेरी की पूरी टीम 130 रन बनाकर सिमट गई।

मिजोरम बनाम मणिपुर

प्लेट ग्रुप में खेले गए मुकाबले में मणिपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिजोरम को 3 विकेट से हराया। मिजोरम ने पहली पारी में 183 रन बनाए, जिसके जवाब में मणिपुर ने 251 रन बनाए। दूसरी पारी में मिजोरम की पूरी टीम 295 रन बनाकर सिमटी। हालांकि, मणिपुर ने 7 विकेट खोकर 228 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया।

हिमाचल प्रदेश बनाम हरियाणा

ग्रुप डी में हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को 7 विकेट से हराया। हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 9 विकेट खोकर 253 रन बनाए। इसके जवाब में हरियाणा ने 296 रन बनाते हुए मामूली बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में हिमाचल प्रदेश की पूरी टीम 113 रन ही बना सकी और हरियाणा ने आसानी से 3 विकेट खोकर 74 रन बनाकर जीत दर्ज की।

खबर संक्षेप

केविन विकहम खेलेंगे बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट

सेंट जोन्स। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज 23 वर्षीय केविन विकहम को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए पहली बार वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज ने इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। यह उसका आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2025-2027 चक्र का अंतिम दौरा है। पहला टेस्ट में 28 अक्टूबर से मीरपुर और दूसरा टेस्ट मैच पांच नवंबर से सिलहट में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने सीमित ओवरों की टीम के कप्तान शाई होप को तीनों प्रारुपों में लगातार खेलने के बाद आराम दिया है। वेस्टइंडीज की टीम 18 अक्टूबर को बांग्लादेश पहुंचेगी और 22 से 24 अक्टूबर तक ढाका में तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कथित वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने के आरोप में

महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अजय सिंह ने निलंबन आदेश में कुमार के खिलाफ कई आरोपों का हवाला दिया, जिनमें जरूरी मंजूरी के बिना प्रसारण व्यवस्था के लिए आदेश जारी करना भी शामिल है। कुमार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप रद्द होने की जांच में सहयोग न करने और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए अनधिकृत बैठक बुलाने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है।

आईसीसी रैंकिंग : अय्यर ने मारी लंबी छलांग ईशान और अभिषेक में नंबर वन की जंग

एजेंसी ▸▸| दुबई

कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैच की मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 3 स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अय्यर ने लखनऊ में श्रृंखला के पहले मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा।टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में 4 भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन 904 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने साथी भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर 13 अंक की बढ़त बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

सैमसन को रैंकिंग में फायदा

श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (तीन स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर), वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड (13 स्थान के फायदे से संयुक्त 24वें) और भारत के संजू सैमसन (चार स्थान के फायदे से संयुक्त 27वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

टेस्ट ऑलराउंडरों में शीर्ष पर जडेजा

भारत के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे और साइमन हार्मर पांच पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर हैं। डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत के बाद आईसीसी की नवीनतम टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में उसके कई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले में किंग्समीड में दक्षिण अफ्रीका को 214 रन से हराया।

गांगुली-रहाणे ने पिच पर जमाया रंग, प्रिंस विलियम के साथ खेला क्रिकेट

लंदन। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और अजिंक्य रहाणे ने प्रिंस विलियम के साथ एक दोस्ताना टेनिस बॉल क्रिकेट मैच में भाग लिया। इस मैच का आयोजन ब्रिटिश राजघराने की पर्यावरण पहल, अर्थशॉट पुरस्कार समारोह के प्रचार के लिए किया गया था। यह पुरस्कार समारोह अगले महीने मुंबई में होगा। 38 वर्षीय रहाणे और गांगुली के अलावा इस मैच में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा तथा इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक ने भी भाग लिया। इन सभी ने प्रिंस विलियम के निमंत्रण पर बकिंघम पैलेस के बाहर द मॉल में मैच खेला। रहाणे ने कहा, 'क्रिकेट खेलने के कारण मैंने दुनिया भर के कई स्थानों का दौरा किया है, लेकिन बकिंघम पैलेस की पृष्ठभूमि में लंदन के द मॉल में टेनिस बॉल क्रिकेट खेलना एक ऐसा अनुभव है, जो मुझे लंबे समय तक याद रहेगा।' उन्होंने कहा, 'प्रिंस विलियम के साथ समय बिताना तथा खेल जगत के अपने दोस्तों और दिग्गजों दादा (गांगुली), ब्रायन लारा, रूट, हैरी ब्रूक और इस मैच को यादगार बनाने वाले सभी लोगों से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।

आज एशियाई खेलों के विजेताओं से मिलेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। कार्यक्रम शाम करीब साढ़े 4 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। भारत ने इन खेलों में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। भारत लगातार दूसरी बार शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहा। कार्यक्रम में भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच और सहयोगी स्टाफ, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि के अलावा युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। भारत ने आइची-नागोया खेलों में 501 खिलाड़ियों का दल भेजा था, जिनमें से 310 खिलाड़ी पहली बार एशियाड में हिस्सा ले रहे थे।

महिला वनडे सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▸▸| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश से मिले 173 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से 22.4 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बेथ मूनी 14 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद एलिसा पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने मोर्चा संभाला और टीम को बिना कोई और झटका लगे सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंचाया। पेरी ने 64 गेंदों का सामना करते हुए 65 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। सदरलैंड ने महज 52 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौकों की मदद से 74 रन बनाए और टीम को जीत दिलाकर लौटीं।

बांग्लादेश की बल्लेबाजों ने टेके घुटने

इससे पहले, बांग्लादेश की बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 49.5 ओवर में 172 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की ओर से शोर्ना अख्तर ने सर्वाधिक 54 रन बनाए, जबकि शर्मिन अख्तर ने 93 गेंदों में 50 रनों की अहम पारी खेली। हालांकि, इन दोनों बल्लेबाजों को छोड़कर टीम की अन्य बैटर्स बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। टीम की सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सकीं।

चैंपियंस लीगः बायर्न म्यूनिख को वाइकिंग एफके ने ड्रा पर रोका

बायर्न म्यूनिख के खिलाफ ऐतिहासिक उलटफेर

एजेंसी ▸▸| इस्तांबुल

बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए यूरोप के सबसे खतरनाक मैदानों में से एक आरएएमएस पार्क में गैलाटसराय को 4-1 से हरा दिया। वहीं बायर्न म्यूनिख को नॉर्वे में वाइकिंग एफके ने 3-3 से ड्रॉ पर रोककर बड़ा उलटफेर किया।

इस्तांबुल में खेले गए मैच में मेजबान गैलाटसराय ने तेज शुरुआत की। अलेक्सई बत्राकोव के डिफ्लेक्टेड शॉट से गैलाटसराय ने बढ़त ले ली और पहले हाफ में बार्सा दबाव में दिखा। लेकिन हाफटाइम से ठीक पहले जोआओ कैंसेलो ने सूझबूझ भरी फिनिश से स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ में बार्सिलोना पूरी तरह बदल गया। कोच हांसी फ्लिक की टीम ने इंटरवल के बाद सिर्फ तीन मिनट में दो गोल दागकर मैच अपने काबू में कर लिया। पहले लैमिन यामल ने शानदार खेल दिखाते हुए फर्मिन लोपेज के लिए सटीक पास दिया, जिस पर लोपेज ने हेडर से गोल किया। इसके तुरंत बाद यामल ने ही एंथनी गॉर्डन को गोल के लिए असिस्ट किया।

बायर्न म्यूनिख को करना पड़ा संघर्ष

दूसरी तरफ नॉर्वे में बायर्न म्यूनिख को वाइकिंग एफके के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। घरेलू टीम वाइकिंग ने पहले हाफ में ही 2-0 की बढ़त ले ली। जियानी स्टेंसनेस ने दूसरे मिनट में कॉर्नर पर हेडर से गोल किया और पीटर क्रिस्टियनसेन ने काउंटर-अटैक पर दूसरा गोल दागा। दूसरे हाफ में हैरी केन ने बायर्न की वापसी कराई। केन ने पहले पेनल्टी पर गोल किया और फिर हेडर से स्कोर 2-2 कर दिया। केन ने इसी के साथ चैंपियंस लीग में लगातार नौ मैचों में गोल करने का रिकॉर्ड बना लिया। इसके बाद लुइस डियाज ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए बायर्न को 3-2 से आगे कर दिया।

दुनिया भर में बढ़ रही भारतीय संस्कृति की पहचान, प्राचीन धरोहरों की वापसी के प्रयास तेज किए, अब दुनिया के देशों को भारत जोड़ने का काम कर रहा

'बृहत्तर भारतः दुनियाभर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

पीएम मोदी ने भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है। भारत का संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह बात 'बृहत्तर भारतः दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कही। सरकार केवल ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन पांडुलिपियों को भी सहेजने के प्रयास कर रही है। इसके लिए ज्ञान भारतम पहल के तहत काम किया जा रहा है। लेख केंद्रीय संस्कृत सचिव ने पढ़ा।

- केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक ने सुनाया लेख

खास बातें

- ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने के साथ भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने पर ध्यान दिया जा रहा है
- ज्ञान भारतम पहल के जरिए पांडुलिपियों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेंगे

16 तक चलेगा सम्मेलन

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र कर रहा है। सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और समाजों, सभ्यताओं के साथ उसके संबंधों पर चर्चा हो रही है।

लद्दाख को मिलेगी 3,350 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री आज करेंगे 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी 15 अक्टूबर को दोपहर करीब 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में लगभग 3,350 करोड़ की 4 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे।

इन परियोजनाओं को सौंपेंगे प्रधानमंत्री

- 298 किलोमीटर लंबी निमू-पदुम-दरचा सड़क राष्ट्र को समर्पित करेंगे
- 66 केवी की डबल-सर्किट दाह-हानू-खलत्सी विद्युत पारेषण लाइन का उद्घाटन
- लेह के सिंधु घाट पर भारत के पहले शैलचित्र संरक्षण पार्क का लोकार्पण करेंगे
- प्रधानमंत्री लेह स्थित कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डे के नए यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके निर्माण पर 640 करोड़ खर्च किए गए हैं।

एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल से मिलेंगे

पीएम मोदी गुरुवार को एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी सभी एथलीटों से नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मिलेंगे। भारतीय समयानुसार यह मुलाकात लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर होगी।

खबर संक्षेप

आसाराम के पैरोल पर सुनवाई नहीं होगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को खुद को भगवान बताने वाले आसाराम की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में गांधीनगर शोषण केस में बीमार पत्नी से मिलने जमानत न देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने अर्जी वापस लेने की इजाजत दे दी।

नाव में छेद था, पलटने से पहले हम कूद गए

वैशाली। बिहार के वैशाली में राघोपुर दियारा इलाके में नाव पलटने की घटना में बचाए गए 4 बच्चों ने घटना के बारे में आपबीती सुनाई। उनका कहना था कि नाव में एक छोटा सा छेद था, जिससे पानी अंदर आने लगा। जब नाव डूबने लगी, तो और ज्यादा पानी अंदर आने लगा। नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई।

हाईकोर्ट ने कहा- 3 माह में कराएं पंचायत चुनाव



इलाहाबाद। हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को 3 महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। खंडपीठ भी सुनवाई कर रही।

ईडी ने रिलायंस पावर की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। ईडी ने बताया कि उसने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड की भारत में स्थित 2000 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियां जब्त की है। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत एक जांच का हिस्सा है। सासन पावर लिमिटेड में उसकी शेयरधारिता भी शामिल है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया

यहां भारत की आवाज है, अत्याचार करने वालों को हम सजा दिलाएंगे

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री शाह पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई का सामना करने वाले नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है। राहुल ने एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं की पिटाई का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े हैं। राहुल एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के साथ मीडिया के सामने आए। इन सभी को सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा पीटे जाने का आरोप है। राहुल ने कहा, जैसा कि मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था। यह भारत है। शाह जी, इसे ध्यान से देखिए, यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं है। यहां सिर्फ एक आवाज, एक विरोध है और वह भारत की आवाज है। हम इस आवाज के खिलाफ खड़े हैं। अत्याचार करने वालों को सजा दिलवाएंगे।

यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुलिस पिटाई की दास्तान सुनाई

मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े

आशुतोष-सौरव को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोर्ट ने आशुतोष रांका, और सौरव दास को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सरकार ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाया, तो उसके अगले ही दिन मंगलवार को सीजेपी के लगभग 20 कार्यकर्ता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने जदयू कार्यालय का गेट पार किया और भारी बैरिकेडिंग के बीच प्रदर्शन स्थल पर तिरंगा फहराया था।

वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और सबूत हमें भेजें

राहुल ने कहा कि मेरी सलाह है, इस आवाज के खिलाफ खड़े ना हों। कोई भी इस आवाज के खिलाफ नहीं टिक सकता। मैंने सभी छात्रों से कहा है कि वे वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और वह सबूत हमें भेजें। जब यह पूरा मामला खत्म हो जाएगा, तो हम उन सभी सबूतों का इस्तेमाल करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, उन्हें सजा मिले- चाहे वह प्रदानमंत्री हों, ज्ञानेश कुमार हों, शाह हों या फिर वे कॉन्स्टेबल ही क्यों न हो जो हमारे बच्चों पर हाथ उठा रहा है।

राहुल गांधी पर भाजपा का पलटवार

कानून से ऊपर कोई नहीं, विरोध प्रदर्शन करें पर कानून न तोड़ें

सीजेपी के नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना करने पर भाजपा ने बुधवार को राहुल पर पलटवार किया। पार्टी ने कांग्रेस नेता पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है, कानून तोड़ने का नहीं। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष उषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक स्थानों को सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक अखाड़े में नहीं बदला जा सकता। इससे पहले दिन में राहुल ने दास और रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना कोई अपराध नहीं है। इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरता है।

दीपके को देखते ही चीखने लगा शख्स क्यों देश खराब कर रहा ? चोर-चोर

अभिजीत दीपके को एक बार फिर विरोध का सामना करना पड़ा है। बुधवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निकलते वक्त एक शख्स उन्हें देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। जोर-जोर से चीखते हुए कहा- क्यों देश खराब कर रहा है? उसने चोर- चोर के नारे भी लगाए।

अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी

एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर किया। इस याचिका में चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट में सुधार की 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) प्रक्रिया के तरीके को चुनौती दी।

चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

वीडियो रिकॉर्डिंग तो देनी ही पड़ेगी, बहाने बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि वह 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। कोर्ट कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के बीच चुनावी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा था। राजेगौड़ा ने 2023 में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र से 201 वोटों के मामूली अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वोटों की दोबारा गिनती में जीवराज को ज्यादा वोट मिलने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार को हटा दिया गया था।

अपना रिकॉर्ड अगली तारीख तक पेश करें

मई में शीर्ष अदालत ने राजेगौड़ा को राहत देते हुए निर्देश दिया था कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक वह विधानसभा सदस्य बने रहेंगे। इसी याचिका पर आज, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने उस बात पर हैरानी जताई जब ईसीआई ने कहा कि वह 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। इस पर आयोग को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि ईसीआई यह कैसे कह सकता है कि उसने अपना रिकॉर्ड खो दिया है? आपका मुख्य काम चुनाव कराना है। आपके पास दस्तावेज होने ही चाहिए। यह कहने का सवाल ही कहां उठता है कि हां, हम इसे ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं? आपने इसे चुने हुए उम्मीदवार को दे दिया। रिकॉर्ड की कोई कस्टडी नहीं है। आपके पास जो भी है, उसे अगली तारीख पर पेश करें। वरना, प्रतिकूल निष्कर्ष निकालना होगा।

एसआईआर की सुनवाई की तारीख बदली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली एसआईआर मामले में सुनवाई की तारीख पहले कर दी। यह कदम तब उठाया गया जब आरोप लगाया गया कि जिन वोटरों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के तहत हटा दिए गए थे। उनसे वोटर लिस्ट में नाम दोबारा शामिल करने के लिए 'फॉर्म 6' भरने को कहा जा रहा है। वकील प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई की तारीख 30 से बदलकर 28 अक्टूबर कर दी। जब भूषण ने कहा कि 28 अक्टूबर को सुनवाई से शायद ही कोई फर्क पड़े, क्योंकि नाम हटाने या सुधारने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है, तो सीजेआई ने कहा कि हम एक ऐसा आदेश जारी करने के बारे में सोच रहे हैं जो इन सभी बातों का ध्यान रखेगा।

अमेठी में बदले सियासी समीकरण

राकेश, अभय और विनोद भाजपा में हो गए शामिल

एजेंसी ▶▶ अमेठी

गौरीगंज से लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी के विधायक रहे राकेश प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ अयोध्या की गोसाईंगंज सीट से विधायक अभय सिंह और जालौन की कालपी सीट से विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरीगंज में जामो रोड स्थित राकेश के आवास मंगलम पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी ने तीनों विधायकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवा पटका पहनाया सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। तीनों ने भाजपा के टोल फ्री नंबर पर फोन कर पार्टी की औपचारिक सदस्यता भी ग्रहण की।

सांसद अकोइजम की बढ़ीं मुश्किलें

अब भाजपा महिला मोर्चा ने एनसीडब्ल्यू को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महिला मोर्चा के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया के. राहटकर से जेएनयू की 11 छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई सांसद रूप कुमारी चौधरी ने की।

मामले की जांच का दिया आश्वासन

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि 5 सांसदों और भाजपा की महिला विंग के पदाधिकारियों सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में कार्रवाई की मांग, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोग से संपर्क किया था। आश्वासन दिया गया है कि वह मामले की जांच करेंगी।

बंगाल में 100 किलो सोने के गहने से सजीं मां दुर्गा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सेंट्रल कॉलोनी की दुर्गा पूजा इन दिनों चर्चा में है। इस बार यहां मां दुर्गा की मूर्ति को 100 किलो से ज्यादा सोने के गहनों से सजाया गया है। पूजा के 64वें साल में पूजा समिति ने पंडाल की थीम ' अ फेयरी टेल ऑफ स्कल्पचर' रखी है। पंडाल को मूर्तियों की खूबसूरती और कला को ध्यान में रखकर सजाया गया है।

केंद्रीय कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाया व दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में विभिन्न राज्यों के दिव्यांगों को भी बड़ी राहत दी है। पहले दिव्यांगों का 80 फीसदी थ्रेशोल्ड था अब उसको आधा करके 40 फीसदी पर ही दिया जाएगा। इसके अलावा फैसला लिया कि अब दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही दी जाएगी, पहले सरकार ने 18 साल के बाद पेंशन की शुरुआत की जाती थी। सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाकर 53428 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस मंजूरी से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 3.20 करोड़ लाभार्थियों को फायदा होगा। इसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के नाम भी बदले जाएंगे।

आईडीबीआई बैंक और एलआईसी हिस्सेदारी बेचेगा

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईडीबीआई बैंक में 60.72% हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी, मेसर्स 10955230 कनाडा इंक. को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने की मंजूरी दे दी। जिससे बैंक के बड़े पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस सौदे का कुल मूल्य 52,877.07 करोड़ रुपए है। इसके तहत भारत सरकार अपनी 30.48 प्रतिशत हिस्सेदारी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा।

एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर की हत्या के आरोपी पर कार्रवाई

घर पर चला बुलडोजर, भीड़ ने फूंक दिया मेडिकल स्टोर

हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने मानसा में बाजार बंद करा दिए

एजेंसी ▶▶ मानसा

पंजाब के मानसा जिले में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के आरोपी अश्विनी कुमार के खिलाफ प्रशासन ने कठोर कार्रवाई की है। बुधवार को मानसा प्रशासन ने भारी सुरक्षाबलों की मौजूदगी में अश्विनी कुमार के घर पर बुलडोजर चला दिया। इसके अलावा आरोपी के मेडिकल स्टोर को भी तोड़ दिया है। परविंदर की हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी अश्विनी के मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ की और उसके बाद उसमें आग लगा दी। झोटा की हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने बुधवार को मानसा में बाजार बंद करा दिए।

सीएम और डीजीपी का इस्तीफा दें

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है।

सीबीआई से जांच पर अड़ा परिवार

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है।

राजस्थान से गिरफ्तार हुआ था अश्विनी

बुधवार को पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर अश्विनी कुमार को राजस्थान के ही सालासर से गिरफ्तार किया था। अश्विनी वहां एक होटल में छिपा हुआ था। आरोपी के घर पर हुई इस कार्रवाई के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन की कार्रवाई के बीच भीड़ ने आरोपी की दुकान में तोड़फोड़ की और दुकान को आग के हवाले कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415